हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 14.8 डिग्री

12 परमिशन बालोद का और ईंट भट्ठा चल रहा ...



13 ईंट भट्ठे के धुएं से बिगड़ी बच्चों की तबीयत, सिरदर्द ...








## खबर संक्षेप

### डुडेरा-पुरैना में नहीं खुलेगा आज व कल नल

**भिलाई।** नगर निगम रिसाली के डुडेरा व पुरैना क्षेत्र के 5 वार्डो में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मोरिद स्थित 6 एम एल डी जल शोधक संयंत्र में तकनीकी खराबी आने के कारण मरम्मत कार्य करने शट डाउन लिया जा रहा है। इस वजह से शुक्रवार और शनिवार को पूर्ण रूप से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। जल कार्य विभाग के सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में पानी टैंकर से आपूर्ति की जाएगी।

### भारत-जॉर्जिया संसदीय मैत्री दल में सांसद शामिल

**भिलाई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी संबंधों को



मजबूत करने के लिए भारत जॉर्जिया संसदीय मैत्री समूह का गठन किया है। इस समूह का नेतृत्व सस्मित पात्रा कर रहे हैं। इसका उद्देश्य व्यापार प्रौद्योगिकी और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करना है। समूह में लोकसभा के 11 सांसदों को शामिल किया गया है जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी सांसद विजय बघेल को ब्रिक्स सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

### दो आरोपियों से करीब 2 किलो गांजा बरामद

**भिलाई।** थाना कुम्हारी और भिलाई नगर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को 1.763 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत कार्रवाई की गई। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कुम्हारी थाना पुलिस पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति महामाया उद्यान धान खरीदी केंद्र के पास कुम्हारी में गांजा बिक्री के लिए खड़ा हुआ है। टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर सुमित पटेल, उम्र 32 वर्ष, निवासी डीएमसी तालाब, मस्जिद के पास कुम्हारी को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग के थैले में 1.318 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।वहीं दूसरे मामले में भिलाई नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर 6 भिलाई स्थित पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति काले रंग के बैग में मादक पदार्थ गांजा रखकर घूम रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर शिवा मुदलियार, उम्र 23 वर्ष, निवासी नेहरू नगर मॉडल टाउन सुपेला भिलाई की तलाशी लेने पर काले प्लास्टिक थैले से 445 ग्राम गांजा बरामद किया।

### शराब के 33 प्रकरणों में 20 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** होली के मद्देनजर दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। 33 अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की गई। वहीं 710 पाव देशी शराब जब्त करते हुए 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत 20 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 20 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। वहीं धारा 36(च) के तहत 13 और प्रकरण कायम किए गए हैं। कार्रवाई अंडा, धमधा, कुम्हारी, पुलगांव, मोहन नगर, भिलाई नगर, जामुल, नेवई, जामगांव, नंदिनी नगर, उतई, रानीतराई और पाटन थाना क्षेत्रों में की गई।

निजी स्कूलों के अंग्रेजी माध्यम वाले 8376 और हिन्दी माध्यम वाले 7411 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

# पांचवीं-आठवीं की परीक्षा देंगे 45851 विद्यार्थी, इसमें निजी स्कूल के 15887 पहली बार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पांचवी-आठवीं केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा में सीजी बोर्ड से सबद्धता प्राप्त हिन्दी माध्यम व अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। दुर्ग जिले में 45 हजार 851 विद्यार्थी इस बार परीक्षा में बैठेंगे। इस परीक्षा में पहली बार निजी स्कूलों से 15 हजार 887 विद्यार्थी शामिल होंगे। इन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन निजी स्कूलों ने करवाया है। खास बात यह है कि इन विद्यार्थियों का प्रश्नपत्र जिला शिक्षा विभाग देगा। यानी निजी स्कूलों और सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत पाचवीं और आठवी के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नपत्र जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।


फाइल फोटो

डीईओ द्वारा जनवरी में आयोजित बैठक में शामिल निजी स्कूल के संस्था प्रमुख।

### निजी स्कूल के पांचवीं में 8671 और आठवीं के 7216 विद्यार्थी

जिले के निजी स्कूलों ने पांचवी के 8671 और आठवीं के 7216 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करवाया है। अंग्रेजी माध्यम के पांचवी में 4199 और हिन्दी माध्यम के 4472 विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठेंगे। इसी तरह आठवीं की परीक्षा में 4177 विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम और हिन्दी माध्यम के 3039 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। तैयारी पूरी कर ली गई है।

### सरकारी स्कूल के पांचवीं में 14480 और आठवीं के 15484 विद्यार्थी

जिले के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा इस साल दूसरी बार परीक्षा देंगे। पांचवी की परीक्षा में 14 हजार 480 विद्यार्थी और आठवीं की परीक्षा में 15 हजार 484 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। पांचवी में हिन्दी माध्यम के 13 हजार 238 विद्यार्थी और अंग्रेजी माध्यम के 1242 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। आठवीं में हिन्दी माध्यम से 14 हजार 243 और अंग्रेजी माध्यम से 1241 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

### निजी स्कूल अब बैकफुट में

पहले कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग और निजी स्कूल आमने-सामने हो गए थे। जिला शिक्षा विभाग को लोक शिक्षण संचालनालय ने 20 जनवरी 2026 को यह आदेश दिया है कि सभी निजी और सरकारी स्कूलों में पांचवीं और आठवीं की केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा लेना है। इसके लिए शासन ने परीक्षा की समय सारणी और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर दिशा निर्देश महीनेभर पहले ही जारी कर चुका है। परीक्षा और शासन के विरोध में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधि 4 फरवरी को संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौंपा लेकिन संचालनालय ने कोई ध्यान नहीं दिया।

### पिछले सत्र में मिल गया था स्टे

26 नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ सरकारी की कैबिनेट ने प्रदेश में पांचवी और आठवीं की परीक्षा को सेंट्रलाइज (केंद्रीकृत) करने का फैसला लिया था। इसके तहत, पूरे प्रदेश में एक समय-सारणी और एक जैसा ही पेपर होना है। पिछले साल भी निजी स्कूल संचालक मामले को लेकर हाईकोर्ट गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। वह मामला लंबित ही है।

### 16 मार्च से शुरू होगी परीक्षा

कक्षा 5वीं की परीक्षा 16 मार्च से शुरू होगी। पहली पेपर गणित, 19 मार्च को अंग्रेजी, 23 मार्च को हिंदी और 25 मार्च को पर्यावरण की परीक्षा होगी। परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक चलेगी। इसी प्रकार कक्षा 8वीं की परीक्षा 17 मार्च से शुरू होगी। पहले दिन गणित, 20 मार्च को हिंदी, 24 मार्च को अंग्रेजी, 30 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 6 अप्रैल को संस्कृत व उर्दू की परीक्षा होगी। परीक्षा समय सुबह 9 से 12 बजे रहेगा।

### सहमत हैं निजी स्कूल

राज्य शासन का आदेश है कि पांचवी-आठवीं की परीक्षा में निजी स्कूलों को भी शामिल होना अनिवार्य है। इसे लेकर निजी स्कूल संचालकों की हमने पहले ही बैठक लेकर परीक्षा में सभी को शामिल होने निर्देश दिया है। सभी ने सहमति दी है, यदि कोई शामिल नहीं होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ, दुर्ग

## 8.64 ग्राम हेरोइन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वैशाली नगर थाना और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए 8.640 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त की है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी की रात मुखबिर सूचना पर टीम ने शिव मंदिर के पास, जवाहर नगर शादी भवन के समीप घेराबंदी की। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8.640 ग्राम हेरोइन, नगद रकम, चार मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में नशे की सप्लाई चेन से जुड़े एक अन्य आरोपी का नाम सामने आया, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और 29 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में शेखर राव, उम्र 18 वर्ष, निवासी सुभाष चौक कैंप-1 भिलाई, कुंदन उर्फ कुम्बज वर्मा, उम्र 27 वर्ष, निवासी सुभाष चौक कोऑपरेटिव के पास भिलाई-3, मोहम्मद सोहेल खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी संजय नगर आरडीए प्लॉट क्रमांक 242, थाना टिकरापारा रायपुर और हर्ष भट्टी, निवासी शांति नगर भिलाई शामिल हैं।

- वैशालीनगर पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

## शासन के खिलाफ टिप्पणी निगम का एआरओ सस्पेंड


हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्रदेश सरकार के बजट को लेकर सार्वजनिक प्रतिक्रिया देना भिलाई निगम के सहायक राजस्व अधिकारी जोन 5 को महंगा पड़ गया। सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 एवं 10 में विधिक प्रावधानों का उल्लंघन पाया है। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने जारी आदेश में कहा है कि एआरओ मेश्राम द्वारा अशोभनीय एवं आचरण नियमों के प्रतिकूल वक्तव्य दिया गया है।



जिसके संबंध में स्थानीय समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित हुए हैं, जिससे राज्य शासन एवं निगम की छवि धूमिल हुई है। अनिल कुमार मेश्राम सहायक राजस्व अधिकारी, जोन कमांक-5 नगरपालिक निगम भिलाई को निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जोन क्रमांक 4 रहेगा। एआरओ मेश्राम की इस बयानबाजी की शिकायत नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने निगम आयुक्त राजीव पांडेय से समाचार पत्रों की कटिंग के साथ की थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए यह कार्रवाई की गई।

### अधिकारी ने किया अनुशासनहीनता



भिलाई निगम के जोन-4 में पदस्थ राजस्व अधिकारी ने राज्य के बजट को लेकर सार्वजनिक प्रक्रिया दी है। यह सेवा नियमों एवं सिविल सेवा आचरण का स्पष्ट उल्लंघन है। इसकी शिकायत मेरे द्वारा निगम आयुक्त से की गई थी। उनके द्वारा जो तत्काल कार्रवाई की गई है वह प्रशंसनीय है।

**-भोजराज भोजू,** नेता प्रतिपक्ष नपानि भिलाई

### बंद फैक्ट्री में लगी आग



**भिलाई।** इंडस्ट्री एरिया में गुरुवार शाम एक बंद फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब 5.30 बजे गणपति इंडस्ट्री में रखे वेस्ट मटेरियल और ऑयल के ड्रम में अचानक आग भड़क उठी। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एक दमकल वाहन तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचने पर अग्निशमन कर्मियों ने देखा कि फैक्ट्री परिसर के अंदर आग तेजी से फैल रही है। बिना देर किए टीम ने पानी की बौछार कर आग पर नियंत्रण पाया और उसे आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया। फैक्ट्री में ऑयल ड्रम रखे होने के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी, लेकिन समय पर कार्रवाई से बड़ा नुकसान टल गया।

## बारूद से भरा ट्रक ट्रांसफार्मर पोल से टकराया, लगी आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर में आधी रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भिलाई-3 क्षेत्र में बारूद से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर मेन मार्केट में ट्रांसफार्मर पोल से जा टकराई। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटना रात करीब 2.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। ट्रक के केबिन से आग की लपटें उठती देख लोगों ने तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। वाहन चालक महेन्द्र कुमार गेंड्रे और क्लीनर उमेश कुमार गेंड्रे को उपचार के लिए सुपेला अस्पताल लेकर गए। वाहन चालक के खिलाफ विद्युत अधिनियम, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



- ट्रक चालक और हेल्पर पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज

जानकारी के अनुसार रायपुर की ओर जा रही बारूद से भरी ट्रक क्रमांक टीएस 05 यूबी 2355 अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर पोल क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रांसफार्मर से टक्कर के बाद ट्रक के केबिन में आग लग गई। बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित रही। पुलिस ने मौके को घेरकर सुरक्षा घेरा बनाया ताकि कोई अनहोनी न हो। ऐसे में आग लगने के बाद बड़े धमाके की आशंका से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते ड्राइवर और क्लीनर ट्रक से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई-3 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम भी फायर ब्रिगेड वाहन के साथ घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया गया, जिससे संभावित विस्फोट टल गया। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों शराब के नशे में थे।

### शराब के नशे में था चालक

“ सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जांच में ट्रक चालक और हेल्पर दोनों शराब के नशे में पाए गए। दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा हीहै।

**-सत्यप्रकाश तिवारी,** सीएसपी भिलाई नगर

### बड़ी घटना टली

“ अग्निशमन कार्यालय से दो अग्निशमन वाहनों को रवाना किया गया। बारुद से भरा ट्रक ट्रांसफार्मर में टकराकर सर्विस रोड में उतर गया था। ट्रक के केबिन में लगे आग को अग्निशमन कर्मियों ने काबू किया। एक बड़ी घटना होने से बचा गया।

**-नागेंद्र कुमार सिंह,** जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी

नशा, हुड़दंग और ट्रैफिक उल्लंघन पर सख्त एक्शन की चेतावनी

## होली को लेकर एसएसपी की अधिकारियों को कड़ी हिदायत तीन सवारी और हुड़दंगियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में होली पर्व संपन्न होने सेक्टर-6 भिलाई स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक ली।

एसएसपी ने निर्देश दिए कि हर थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक तत्काल आयोजित की जाए। आम नागरिकों को पहले से समझाइश दी जाए ताकि त्योहार के दौरान किसी तरह की अफवाह, विवाद या टकराव की स्थिति न बने। पिछले वर्षों में जहां-जहां घटनाएं हुईं, उन स्थानों को चिन्हित कर वहां



अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने को कहा गया है। संवेदनशील इलाकों, बस्तियों, पॉश कॉलोनियों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और प्रमुख मार्गों पर फिक्स पिकेट लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पैदल पेट्रोलिंग और बाइक पेट्रोलिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि पुलिस की मौजूदगी हर समय दिखाई दे। हुड़दंग, नशे की हालत में वाहन चलाना, दोपहिया पर तीन सवारी और स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने कहा है कि त्योहार के नाम पर कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। गुंडा, निगरानी बदमाश और असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखने और जरूरत पड़ने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि त्योहार के पहले सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे।



## खबर संक्षेप

### डाक पैरा खेल प्रतियोगिता आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल रायपुर-छत्तीसगढ़ द्वार 2 दिवसीय प्रथम अखिल भारतीय डाक पैरा खेल प्रतियोगिता 27 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। होटल इम्पीरियन चौहान हाऊसिंग बायपास में आयोजित है। सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि डॉ. संजय तिवारी कुलपति हेमचंद याद विश्वविद्यालय इसका उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर अजय सिंह चौहान मुख्य पोस्टमास्टर जनरल छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल, गौकरण पाटिल गोल्डन बुक वर्ल्ड, दिनेश कुमार मिस्त्री निदेशक डाक सेवाएं मौजूद रहेंगे। प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा अनुशासन एवं उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में शाम 06.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 फरवरी को शाम 6 बजे मुख्य अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश डायरेक्टर आईआईटी भिलाई की उपस्थिति में आयोजन का समापन होगा। इसमें विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। आयोजन में अलग-अलग राज्यों के 14 सर्किल से कुल 150 प्रतिभागी खिलाड़ी कैरम, चेस, बैडमिंटन व टेबल टेनिस खेलेंगे। यह आयोजन युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### डॉ. मनोज भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त



**भिलाई।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की सहमति से डॉ. मनोज ठाकरे को दुर्ग जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. ठाकरे 30 वर्षों से भाजपा में सक्रिय भागीदारी दे रहे हैं। उनका सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान रहा है। नियुक्ति पर राजेंद्र सुंदगरिया, प्रशांत क्षीरसागर, हितेश तिवारी, नरेंद्र राठौड़, बालू राम वर्मा, नीति चौरसिया, विवेकानंद समिति के दीपक मिश्रा, किशोर कनोजे, आशा वैद्य अरुण सावरकर, सरिता शर्मा, पार्षद सविता डवस, डॉ. लक्ष्यपद, डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ. मेघराज साहू, डॉ. प्रमोद नामदेव आदि ने हर्ष जताया है।

### रचनाकार रिखी को संघ ने दी सहयोग राशि



**दुर्ग।** मड़ियापार निवासी रचनाकार रिखी राम साहू पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं, उनके उपचार के लिए लोक सांस्कृतिक सेवा भजन फाग एवं जस झांकी संघ ने 10 हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।

# दुर्ग को मिलेगा नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही कई बड़े कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय बजट 2026-27 में इन कामों को शामिल किया गया है।

उनमें नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस जैसे कार्य शामिल है। इसे लेकर शिक्षामंत्री और दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनते रहे हैं और उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**शिक्षामंत्री यादव ने मुख्यमंत्री साय और वित्तमंत्री चौधरी का जताया आभार**

### सड़क होगी चौड़ी

जेल तिराह से मिनीमाता पुलगांव चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। फोरलेन सड़क की स्वीकृति शासन ने दी। सड़क के बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इसी सड़क पर महाराजा चौक के पास नए फ्लाईओवर का प्रावधान बजट में किया गया है। आगामी दिनों में वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति के बाद काम शुरू होगा।



### शासन के बजट में इन कामों को किया गया शामिल, खुलेगा नया संगीत महाविद्यालय

7वीं बटालियन की 6.50 किमी लंबी आंतरिक सड़क निर्माण, प्रमुख सड़कों का करीब 10 किमी उन्नयन, परेतिन चौक गयानगर से उरला फाटक तक सड़क निर्माण, 1.50 किमी धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग से करहीडीह पहुंच मार्ग, रायपुर नाका से सिंधी कॉलोनी होते हुए ठगड़ा बांध पहुंच मार्ग 3 किमी, 1.50 किमी कर्मचारी नगर के आंतरिक सड़क का डामरीकरण, बेलौदी एनीकट से प्रेमनगर होते हुए धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग तक पहुंच मार्ग, साइंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन केनाल रोड, पुलगांव नाला का डायवर्सन, तिरगा और गनियारी जलाशय की लाइनिंग, गांधी पुतला से हेमचंद विश्वविद्यालय पोटियाकला तक फोरलेन सड़क, नय सर्किट हाउस, संगीत महाविद्यालय, महाराजा चौक से ईरानी डेरा चौक तक 1.80 किमी स्ट्रीट लाइट, विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज शामिल है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। फ्लाईओवर से महाराजा चौक और पोटिया चौक पर नए फ्लाईओवर का निर्माण से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और आवागमन सुगम होगा। विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज निर्माण से रेल फाटक की समस्या से राहत मिलेगी। दुर्ग से पोटियाकला होते हुए हनोदा तक फोरलेन सड़क से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का बेहतर संपर्क होगा। संगीत महाविद्यालय की स्थापना कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं को शिक्षा का नया अवसर मिलेगा। नए सर्किट हाउस का निर्माण से शहर में आने वाले अतिथियों और अधिकारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्यवस्था तैयार होगी।

**हंगामेदार रही सामान्यसभा : घुघवा में रेत का अवैध खनन, सदस्यों ने जताई नाराजगी**

# परमिशन बालोद का और ईंट भट्ठा चल रहा दुर्ग जिले के मेड़ेसरा में, माइनिंग अफसर और जिपं सदस्य में झगड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

*जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। जिला पंचायत के लगभग सभी सदस्यों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर जमकर नारेबाजी व्यक्त की। सबसे ज्यादा खनिज विभाग में अनियमितता, गड़बड़ी को लेकर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि पाटन के घुघवा में रेत का अवैध खनन हो रहा है। जांच के लिए जब भी टीम पहुंचती है, उससे पहले ही रेत माफियाओं को खबर दे दी जाती है।*

इधर पूरे पाटन में रेत और मुरुम का अवैध परिवहन हो रहा है। जांच और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इस विषय को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने कहा कि शिवनाथ नदी के किनारे पर कई ईंटभट्ठे ऐसे हैं, जो 100 मीटर के दायरे पर चल रहे हैं। मेड़ेसरा में बिना परमिशन ईंट भट्ठे का संचालन हो रहा है। इस ईंट भट्ठे का परमिशन बालोद जिले का है, लेकिन दुर्ग खनिज विभाग इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस विषय को लेकर खनिज विभाग के अधिकारी के साथ प्रिया साहू की तीखी बहस भी हुई। बात झगड़े तक पहुंच गई। बाद में अन्य सदस्यों ने मामला शांत कराया। बैठक में जिला पंचायत के अन्य सदस्यों ने भी राशनकार्ड, खाद्यान्न वितरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, पीएचई के कार्यों को लेकर भी प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अशोक साहू, दानेश्वर साहू, जितेंद्र यादव, पवन शर्मा, आशा मिश्रा, आकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### खनिज विभाग ने ईंट भट्ठा संचालकों पर लगाई 1 लाख तक की पेनल्टी

जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू ने निपानी, केसरा, बोरेंदा, कौही में ईंट भट्ठा संचालकों पर 1-1 लाख रुपए तक की पेनल्टी लगाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों पर यह कार्रवारी की जा रही है, वहीं पाटन क्षेत्र में कई जगहों पर रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। ये खनिज विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। स्वीकृति के बाद भी कई जगहों पर मनमाने तरीके से कार्रवाई की गई है। सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी ने खाद्यान्न वितरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले हितग्राहियों से थम्ब इंप्रेशन लिए जा रहे हैं और राशन एक महीने बाद दिया जा रहा है। यह सीधे तौर पर अनियमितता है।




### धमधा में राशन कार्ड के नाम पर लिए जा रहे पैसे

सदस्यों ने कहा कि राशनकार्ड के नाम धमधा में करीब 300 आवेदन लिए गए। राशनकार्ड बनने के बाद पैसे लेकर उन्हें दिया जा रहा है। जनपद पंचायत में खाद्य विभाग की एक महिला अधिकारी यह कार्य कर रही है। आपत्ति करने पर वह लोगों से दुर्व्यवहार किया जाता है। इस मामले में जांच कर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने की बात कही गई। जितेंद्र यादव ने स्वच्छता मिशन के अंतर्गत 4 साल पहले स्वीकृत किए गए शौचालय की सिर्फ एक किस्त जारी होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दूसरे विधानसभा के विधायक अपनी विधानसभा छोड़ दूसरे विधायक के क्षेत्र के कार्यों में दखलनदाजी कर रहे हैं।

### किसानों को नहीं मिल रहे सब्सिडी वाले सामान, किया विरोध

सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा कि किसानों को सब्सिडी वाले सामान नहीं मिल पा रहे हैं। वे पिछले छह महीने से परेशान हो रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा ने कहा कि पीएम आवास को लेकर वर्ष 2001 और 2011 के सर्वे सूची को आधार बनाया गया है, लेकिन सर्वे सूची के बाहर के भी कुछ लोगों को आवास की पात्रता दी गई है। अशोक साहू ने कहा कि आरईएस के माध्यम से उद्यान विभाग का काम स्वीकृत हुआ है। करीब 25 लाख रुपए के इस काम के बारे में विभाग के अधिकारियों को ही जानकारी नहीं है। समग्र शिक्षा का करीब 80 लाख का काम पेंडिंग है। देवेंद्र चंद्रवंशी ने मनरेगा के कार्यों को पंचायत स्तर पर स्वीकृत किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विशेष राजनीतिक पार्टी से जुड़े पंचायत प्रतिनिधियों के पंचायतों में कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं।

## पंचायत प्रतिनिधियों की मनमानी से जनता परेशान, शिकायत




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

ग्राम पंचायत बोरी के ग्रामीणों ने प्रतिनिधियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। इसे लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत भी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के सचिव अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कार्य कर रहे हैं। लोगों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। पंचायत संबंधित कुछ भी जानकारी देने से मना करना, स्कूली बच्चों की जाति, निवास प्रतिवेदन में लेट लतीफ करते हैं। उनके पास दो-दो बड़े पंचायत का प्रभार है। इसके चलते ग्रामीणों का काम अच्छे से नहीं हो पा रहा है। सप्ताह में दो से तीन दिन बैठते हैं। उनका समय, तारीख तय नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बोरी पंचायत बड़ा पंचायत है। यहां प्रभारी सचिव नहीं स्वतंत्र सचिव का जरूरत है। शिकायत करने वालो में ग्रामीण पोषण सेन, जितेंद्र यादव, कुलदीप देशमुख, विकास देशमुख, दुष्यंत देशमुख, सीताराम देशमुख, हेमकरण यादव, देवराज निषाद, भानुप्रताप निषाद, यशवंत निषाद, प्रमिला निषाद, पीलू निषाद, सीमा निषाद, सौहाद्रा यादव सहित अन्य शामिल हैं।

- कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत
- सचिव को दो पंचायत की जिम्मेदारी

# 1.28 करोड़ के विकास कार्य का सांसद विजय ने किया भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

- वार्ड-25 में 1.10 करोड़ से होगा डामरीकरण

वार्ड 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड में 1.28 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। गुरुवार को मुख्यमंत्री नगरोत्थन योजना अन्तर्गत वार्ड 25 में डामरीकरण 1.10 करोड़ रुपए, दीप नगर में सीमेंटीकरण 10 लाख रुपए और हाउसिंग बोर्ड में 8 लाख रुपए से उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, वार्ड पार्षद नोहर वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार में लगातार विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि लगातार वार्ड के विकास के प्रति पार्षद नोहर वर्मा सक्रिय है जिनके माध्यम से 4 सालों में इस वार्ड में लगभग 5 करोड़ से ऊपर के अलग-अलग विकास कार्य हुए है। पार्षद ने शासन द्वारा फंड स्वीकृति व कार्य प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन का आभार व्यक्त किया है।



भूमिपूजन कार्यक्रम में जवाहर नगर दीप नगर के समस्त कॉलोनीवासी, सांसद प्रतिनिध प्रमोद सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद महेश वर्मा, पार्षद संजय सिंह, पार्षद मुकेश अग्रवाल, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# नई कार्यकारिणी ने एकजुटता का दिया संदेश जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत का लिया संकल्प

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

- ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने राजीव भवन में की बैठक



गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक जिला कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के परिचय सत्र से हुई, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे से औपचारिक परिचय कराया गया। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति प्रमाण पत्र के साथ परिचय पत्र प्रदान कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। राकेश ठाकुर ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन करें। पेज प्रभारी, ग्राम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष सहित संपूर्ण संगठनात्मक ढांचा तैयार कर उसकी सूची तत्काल जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि चारों विस सीटें पाटन, अहिवारा, दुर्ग ग्रामीण एवं साजा को वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने हेतु अभी से योजनाबद्ध तरीके से मेहनत प्रारंभ करनी होगी। बैठक में राजेश ठाकुर, मोहन साहू, मनहरण यादव, श्रीकांत वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना, देवेंद्र देशमुख, कमलेश साहू, शिवकुमार वर्मा को भी नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विक्रांत अग्रवाल, विशाल देशमुख, जयप्रकाश चंद्राकर, महेंद्र वर्मा, तरूण बिजौर, प्रमोद राजपूत, रोहित कुर्रे आदि मौजूद थे।

**कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक, दिए आवश्यक दिशा**

# मिलर्स को कलेक्टर की दो टूक-28 तक कटाएं डीओ, 15 मार्च तक कराएं उठाव



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

धान खरीदी पूरी होने के बाद भी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव पूरी तरह शुरू नहीं हो पा रहा है। यहां तक मिलर्स डीओ कटाने को लेकर भी रूचि नहीं ले रहे हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को मिलर्स की बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने मिलर्स से दो टूक कहा कि धान के उठाव में मिलर्स तेजी लाएं। डीओ भी कटवाएं। कलेक्टर ने कहा कि डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है, जिससे समितियों में धान का भंडारण बढ़ रहा है। उन्होंने 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 15 मार्च तक सभी समितियों से धान उठाव पूर्ण करने की समय-सीमा तय की।

कलेक्टर ने कहा कि उठाव के समय जिन स्थानों के लिए टैगिंग की जा चुकी है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए। इस संबंध में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) के वितरण एवं उठाव की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मिलिंग के साथ-साथ एफआरके की निर्धारित मात्रा का भी समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में मिलर्स ने डीओ कटवाकर उठाव में तेजी लाने पर सहमति जताई और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने मिलर्स को निर्देश दिए कि मार्च माह में पीडीएस के तहत चावल वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो दिवस के भीतर टैगिंग अनुसार चावल संबंधित गोदामों में जमा कराएं।

### एफसीआई नहीं ले रहा धान, इसलिए ज्यादा दिक्कत

मिलर्स ने कलेक्टर को अवगत कराया कि एफसीआई धान नहीं ले रहा है, जबकि खरीदी का करीब 50 प्रतिशत धान एफसीआई लेते आ रहा है। एफसीआई में पिछले साल का धान लंबित है, उसे लिया जा रहा है। इसके अलावा एफसीआई में धान रखने की जगह भी नहीं है। इस वजह से एफसीआई धान लेने को तैयार नहीं है। मिलर्स यदि सारा धान का उठाव करते हैं, तो रखने की दिक्कत होगी। कलेक्टर ने इस विषय पर चर्चा का भरोसा दिलाया।

## सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार का बजट, हेल्थ सुविधाएं भी बढ़ेंगी



**दुर्ग।** जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने 1 लाख 72 हजार करोड़ के बजट 2026 के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार और बुनियादी ढांचे के विस्तार के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है, जिसके लिए विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई है। यह बजट ग्रामीण, आदिवासी और शहरी क्षेत्रों के बीच एक बेहतर संतुलन स्थापित करता है। बुनियादी ढांचे और तकनीकी शिक्षा पर निवेश भविष्य में राज्य की जीडीपी को नई गति प्रदान करने वाला है। सभापति प्रिया ने कहा है कि बजट 2026-27 बस्तर और सुरगुजा जैसे पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देता है. इसे राज्य के समग्र विकास और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण है। 2026 का बजट संकल्प के थीम पर बनाया गया है, जो समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक को समावेशित करता है। इस बजट की घोषणाओं में से एक रानी दुर्गावती योजना है, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर लड़कियों को 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

**महापौर ने किया निरीक्षण, रोडमैप तैयार करने किया निर्देशित**

# दुर्ग शिवनाथ मुक्तिधाम में मिलेगा शांत और आध्यात्मिक वातावरण, बनेंगे दो स्वागत द्वार, श्रद्धांजलि के लिए सभा स्थल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

कभी हरनाबांधा मुक्तिधाम की तरह अब शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम का भी कायाकल्प होगा। शहर के अंतिम संस्कार स्थलों में से एक शिवनाथ नदी मुक्तिधाम को अब पूरी तरह नए, स्वच्छ, आधुनिक और आध्यात्मिक स्वरूप में विकसित करने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। मुक्तिधाम में पहुंचने वाले लोगों को दिव्य, शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण मिलेगा। महापौर अलका बाघमार की पहल पर यह महत्त्वाकांक्षी परियोजना आकार ले रही है, जिसका उद्देश्य मुक्तिधाम को गरिमामय, शांत और सुविधाजनक स्थल के रूप में विकसित करना है। मुक्तिधाम में दो नए गेट बनेंगे। वहीं एक श्रद्धांजलि सभा स्थल का निर्माण किया जाएगा।



### मुक्तिधाम में लगेगी आकर्षक लाइट, टाइल्स भी लगेंगे

मुक्तिधा में दो भव्य प्रवेश द्वार बनेंगे। दोनों ओर से प्रवेश योग्य मुक्तिधाम को सुसज्जित और आकर्षक द्वारों से जोड़ा जाएगा। टाइल्स युक्त श्रद्धांजलि सभा कक्ष श्रद्धांजलि सभाओं के लिए आधुनिक, साफ-सुथरा और सम्मानजनक कक्ष विकसित किया जाएगा, जो टाइल्स और विशेष सज्जा से युक्त होगा। मुक्तिधाम परिसर में लाइटिंग की प्राप्त व्यवस्था की जाएगी और लकड़ी जो परिसर में फैली हुई थी उसे व्यवस्थित ढंग से एक तरफ उसका सेड निर्माण कराया जाएगा।

### जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गुरुवार की सुबह महापौर के नेतृत्व में मुक्तिधाम का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें एमआईसी मेंबर देव नारायण चंद्रकार, मनीष साहू, चतुर्भुज राठी, अरुण सिंह, मनोज राठी, राजू पोद्दार, राधेश्याम चांडक, हेमंत टावरी, चीकू भूतड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### भुवन बने महामंत्री

**अहिवारा।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण की कार्यकारिणी में नंदिनी अहिवारा के भुवन साहू को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष विधानसभा अहिवारा के भुवन साहू को महामंत्री का दायित्व दिया गया है। भुवन ने संगठन सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं का आभार माना है।

## निधन

### अतनु घोषाल



**भिलाई।** 11-बी, स्ट्रीट एनपीए,सेक्टर 9 निवासी अतनु घोषाल का निधन 24 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे शिखा घोषाल के पति एवं ऋषि घोषाल, गुंजन घोषाल के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### रमेश अग्रवाल



**दुर्ग।** जेल रोड पद्मनाभपुर निवासी रमेश अग्रवाल (84 वर्ष) का गुरुवार की शाम निधन हो गया। वे सीए एलएन अग्रवाल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च को शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा विवेकानंद भवन के पास स्थित निवास से सुबह 11 बजे निवास स्थल से निकाली जाएगी। वे तनिष्क अग्रवाल के दादा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### पालको में रोष, बीईओ ने किया मुआयना

# ईंट भट्टे के धुएं से बिगड़ी बच्चों की तबीयत, सिरदर्द व आंख में जलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम कौही स्थित शासकीय स्कूल में अध्ययनरत करीब 25-30 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आसपास संचालित ईंट भट्ठों से निकल रहे धूल और धुएं के कारण कई बच्चों को सिर दर्द, आँख में जलन आंसू आना, थकान और उल्टी की शिकायत हुई।स्थिति बिगड़ने पर शिक्षकों ने तत्काल बच्चों के पालकों को सूचना दी और उनकी स्वास्थ्य स्थिति से अवगत कराया। साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी पूरे मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही बीईओ ढालेंद्र देवांगन स्कूल पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

गौरतलब है कि स्कूल के समीप संचालित ईंट भट्ठों को बंद करवाने की मांग को लेकर बुधवार को स्कूली बच्चों और पालकों ने स्कूल में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और एक सप्ताह के भीतर ईंट भट्ठों को हटाने का आश्वासन दिया गया है।

**ईंट भट्टा बंद कराने पालकों के साथ प्रदर्शन कर चुके हैं बच्चे**



### आधे समय में ही स्कूल को छुट्टी

विकास खंड अधिकारी ने स्थिति को देखते हुवे व्यवस्था के लिए गांव के समरसता भवन का निरक्षण किया व भवन में क्लास लगाने कि तैयारी में जुटे हैं। इसके बाद कहा कि कुछ दिन सुबह स्कूल लगाकर देखो क्या होता हैं जिसके बाद सुबह स्कूल 7:30 से 11 बजे तक लगाने का लिया गया था। पालको ने पाटन के अधिकारियो पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुवे कहा कि पाटन के अधिकारी बच्चों के स्वस्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिस कारण से बच्चों कि तबियत बिगड रही हैं उसकी जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही और बच्चों के स्वस्थ्य के साथ खिड़वाड़ करने में लगे हैं, बच्चों कि बिगड़ती तबियत का आखिर जिम्मेदार अधिकारी हैं जो कि बच्चों के बारे में न सोचकर अवैध कार्य करने वालों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में लुप्त होती परंपरा को बचा रहा है पाटन का सोरी परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



छत्तीसगढ़ में लुप्त होती परंपरा को बचा रहा है। पाटन का परिवार, 'सील-लोढ़ा' और 'जाता मुसर' से जुड़ी है शादी की रस्में, आधुनिकता की दौड़ में जहां छत्तीसगढ़ की कई पारंपरिक वस्तुएं और रीति-रिवाज धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, वहीं पाटन का एक परिवार आज भी अपनी पुश्तैनी कला को सहेजकर परंपरा की लौ जलाए हुए है। बात हो रही है 'सील-लोढ़ा' और 'जटा मुसर' बनाने की, जो कभी हर घर की पहचान हुआ करती थी, लेकिन अब बाजार में मशीन से बने उपकरणों ने उनकी जगह ले ली है।

पाटन निवासी महेंद्र कुमार सोरी का परिवार पीढ़ियों से पत्थर तराशकर सील-लोढ़ा और जता मुसर बनाने का काम करता आ रहा है। वे बताते हैं कि यह काम उनके पुरखों से चला आ रहा है और आज भी पूरा परिवार सुबह से शाम तक मिलकर इस परिश्रम भरे कार्य में जुटा रहता है। महेंद्र कहते हैं, "हमारे पास यही एक काम है, इसी से घर चलता है। इसे छोड़कर दूसरा काम करने की सोची भी नहीं।"छत्तीसगढ़ी परंपरा में सील-लोढ़ा का विशेष महत्व है। विवाह संस्कार में 'टीकावांन के रूप में सील देना शुभ माना जाता है। स्थानीय पुजारी पंडित सुरेश सावर्णी ने बताते हैं कि जब बड़े विवाह संस्कार होते हैं, तो भांवर की रस्म में भी सील का प्रतीकात्मक उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि बिना सील के शादी की रस्म अधूरी मानी जाती है। यही वजह है कि आज भी कई परिवार विवाह के समय सील अवश्य खरीदते हैं। लेकिन आज कल की शादी सट काट में होने लगी है । शादी सील और अग्नि को साक्षी मान कर किया जाता है। बदलते समय में जब मिक्सी-ग्राइंडर ने रसोई की तस्वीर बदल दी है, तब भी सील-लोढ़ा का स्वाद और सांस्कृतिक महत्व अलग पहचान रखता है। यह केवल एक रसोई उपकरण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। जरूरत है कि शासन-प्रशासन और समाज ऐसे पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन दे, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी मिट्टी की खुशबू और परंपरा से जुड़ी रहें। पाटन का यह परिवार आज सिर्फ पत्थर नहीं तराश रहा, बल्कि छत्तीसगढ़ की मिटती पहचान को भी संवारने का काम कर रहा है।

### सील के बिना शादी अधूरी

महेंद्र कुमार सोरी बताते हैं कि सील और लोढ़ा को मां-बेटे का प्रतीक माना जाता है, इसलिए दोनों को एक साथ नहीं दिया जाता, बल्कि अलग-अलग बेचा जाता है। समाज के विभिन्न वर्ग—साहू, वर्मा, यादव, गोंड, ब्राह्मण, देवांगन सोनी, सिन्हा, समाज आदि—आज भी इस परंपरा को निभाते हुए उनसे सील-लोढ़ा खरीदते हैं। सील बनाने की प्रक्रिया बेहद मेहनत भरी होती है। इसके लिए विशेष किस्म का पत्थर मंगवाया जाता है, जो महासमुंद और डोंडी लोहारा क्षेत्र से आता है। पत्थर को पहले काटा जाता है, फिर छैनी-हथौड़े से तराशकर आकार दिया जाता है। एक सील तैयार करने में लगभग एक से दो घंटे का समय लगता है। इसकी कीमत 1000 से 1500 रुपये तक होती है। महेंद्र गांव-गांव जाकर फेरी लगाकर अपने उत्पाद बेचते हैं। पाटन के अलावा अभनपुर, रायपुर, भिलाई और धमतरी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी उनकी पहुंच है।

# कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता : ताम्रध्वज साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू ने जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दीं। इस दौरान उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और संगठन सृजन के तहत नये कांग्रेस पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां निभाते हुए पार्टी को सक्रिय बनाने का आग्रह किया, जो पार्टी के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर विशेष चर्चा हुई। ताम्रध्वज साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। जनसेवा, संघर्ष और एकजुटता के माध्यम से संगठन लगातार मजबूत हो जनता के मुद्दों की आवाज प्रभावी रूप से उठाई जाए। इस अवसर रिवेन्द्र यादव, टिकेश्वरी लाल देशमुख,योगिता चन्द्रकार, लक्ष्मी साहू, उत्तरा कोसरे, प्रदीप चन्द्रकार, कृष्णा देवांगन सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

- पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से की मुलाकात

# साइबर अवेयरनेस, पाक्सो एक्ट और नशा मुक्ति पर विद्यालय में जागरुकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चंदखुरी में विद्यार्थियों की सुरक्षा, जागरुकता एवं उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में साइबर अवेयरनेस, पाक्सो एक्ट एवं नशे के बढ़ते दुष्प्रभाव विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, पालकों और शिक्षकों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, बाल संरक्षण कानून (पाक्सो एक्ट) तथा नशे की समस्या के प्रति जागरूक करना था।

- चंदखुरी में हुए आयोजन में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की दी जानकारी

कार्यक्रम में साइबर ब्रांच के एसआई द्वारा विस्तृत उद्बोधन दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फर्जी कॉल एवं लिंक से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही पाक्सो एक्ट के तहत बच्चों के अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण के बारे में सरल एवं स्पष्ट जानकारी प्रदान की। साइबर ब्रांच की टीम द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पोस्टर एवं उदाहरणों के माध्यम से बच्चों, पालकों और शिक्षकों को महत्वपूर्ण



जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर जनपद सदस्य गोपाल यादव उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालक केके यदु, प्राचार्य उषा यादव, वाइस प्राचार्य नरसिंह बारले, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पालकों की सक्रिय सहभागिता विद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज बच्चों की सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति सजग है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बच्चों को सुरक्षित, जागरूक एवं नशामुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त किया।

## बिजनेस साइट

### स्मृति नगर भिलाई में नीट फेक्ट्री स्थापित




**भिलाई।** नीट फेक्ट्री के संचालक और संस्थापक संजय शर्मा भिलाई के बच्चों के भविष्य बनाने के लिए नीट फेक्ट्री इंस्टीट्यूट की स्थापना मेन रोड रॉयल प्लाजा बिल्डिंग एसबीआई एटीएम के बाजू स्मृति नगर भिलाई में कर दिया है। भिलाई के अभिभावक व बच्चों के लिए खुशखबरी है। नीट फेक्ट्री एक दिशा में नीट के लिए कार्य कर रही है, जिससे बच्चों को भविष्य में एमबीबीएस डॉक्टर बनने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस हेतु नीट फेक्ट्री अपनी क्लासेस को तीन भागों में बांटी है। पहले भाग में फाउंडेशन बेच जिसमें क्लासेस 8, 9, 10 के बच्चे शुरुआत से नीट के टेक्नीक को समझेंगे और फिजिक्स, केमेस्ट्री के न्यूमेटिकल को साल्व करेंगे और बायोलॉजी कैसे पढ़ा जाता है इस बात को समझेंगे, क्योंकि नीट की परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक केवल बायोलाजी से आता है। दूसरें भाग में टारगेट बैच 11वीं व 12वीं के लिए बनाया गया है। जिसमें उन्हे दो वर्षों में नीट टॉपर बनाने के लिए पढ़ाया जायेगा। तीसरे भाग में ड्रापर बैच है जिसे हम प्रोफेशनल बैच कहते हैं, उन्हे हम एक वर्ष में कड़ी मेहनत करवाकर मेडिकल कॉलेज तक पहुंचाने की जिम्मेदारी लेते है। संजय शर्मा नीट फेक्ट्री।

### स्वदेशी शिल्प महोत्सव में उमड़ी भीड़



**भिलाई।** वेलेक्स ग्राउंड, कला मंदिर के सामने भिलाई में संचालित स्वदेशी शिल्प महोत्सव में ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस प्रदर्शनी में ऊनी कपड़ों पर एक तरफ जहां भारी छूट दी जा रही है वहीं एक से बढ़कर एक नयाब कलेक्शन गर्मी के लिए शानदार फैशनेबल और सूती कपड़ों की विशाल रेंज की बिल्कुल नई स्टॉक आ गई है। प्रदर्शनी में पूर्व की भांति क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा सभी स्टालों पर उपलब्ध है तथा प्रदर्शनी का समय पूर्ववत है। प्रदर्शनी में ग्राहकों की पसंद और भारी मांग को देखते हुए फैशनेबल व ट्रेडिशनल से लेकर आधुनिक तथा पारंपरिक वस्त्रों के साथ-साथ गर्मी निरोधक सूती कपड़ो, साड़ियों की काफी रेंज लाई गई है। संस्था की तरफ से 10 प्रतिशत से लेकर 20 फीसदी तक की विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी संचालक अनुराग मिश्रा ने बताया है कि यह छूट सीमित समय के लिए दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्ग-भिलाई के रहवासी अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित आए और मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी करें और अवसर का लाभ उठाएं।

# रिक्त पदों पर विभागीय पदोन्नति मांगी शिक्षकों ने

**उतई।** नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू व अमितेश तिवारी के नेतृत्व मे सयुंक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग व जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान राजपत्र 2026 के प्रकाशन के बाद जल्द ही सहायक शिक्षकों को शिक्षक व प्रधान पाठक प्राथमिक के रिक्त पदो पर पदोन्नति देने की मांग प्रमुखता से रखी गई। साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति के पश्चात असहमति व निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यभार ग्रहण नही करने वाले शिक्षकों के स्थान पर पात्र शेष शिक्षकों को वरिष्ठता के अनुसार रिक्त प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला मे पदोन्नति देने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल मे प्रदेश पदाधिकारी संजीव मानिकपुरी ,पवन सिंह, सुनील स्वर्णकार, राकेश धनकर, संजय मानिकपुरी और डोमन लाल देवांगन शामिल थे।



### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं निलिमा, पिता स्व. लाल मिकि सिंह निवासी क्वाटर नo 6/A , सड़क-34, सेक्टर-05, भिलाई नगर (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम निलिमा सिंह पति राजकुमार सिंह रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम निलिमा सिंह पति राजकुमार सिंह से ही जाना पहचाना जावें।

**निलिमा सिंह**
क्वाटर न. 6/A, सड़क नं.-34,
सेक्टर-05 भिलाई नगर,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार अंकित अग्रवाल आ. श्री राजेश अग्रवाल निवासी वार्ड नं.–12, तह लांजी बालाघाट (मध्यप्रदेश) की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये गये अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी मेसर्स समायरा एसोसिएट्स पार्टनर (1) आरिफ खान आ. हलीम खान ( 2 ) श्रीमती रजिया खातून ध.प. आरिफ खान, निवासी– फ्लैट नं. – 304, तृतीय तल, रायल ग्रीन जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा– ग्राम बघेरा, प.ह.नं.–37/48, रा.नि.मं. –दुर्ग– 2, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में भूमि स्थित खसरा नं. 80 / 2, रकबा 0.2950 हेक्टेयर = 31740 वर्गफीट भूमि स्थित है जिसकी सीमा – उत्तर – राजेन्द्र कुमार की जमीन खसरा नं. – 81, दक्षिण – राष्ट्रीय राजमार्ग एन. एच. – 06, पूर्व – गौरव एजेंसी / सुनील कुमार की जमीन खसरा नं. 80/3 एवं 80 / 4, पश्चिम अंजनी सिंह की जमीन खसरा नं. – 76 / 1 एवं 78 / 1 स्थित है उसे खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

अतः उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के बाद हमारे पक्षकार द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात् की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने

स्थान–दुर्ग दिनांक– 25/02/2026

भवदीय
गैंदलाल यादव / डी. आर. यादव "अधिवक्ता"
ओम् सांई नमन् एसो.
जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शॉप नं. 17, जी. ई. रोड़ गंजपारा दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9827108870, 9303505335, 9425236437

# अमेरी से जामगांव एम जाने वाली सड़क पर चलना दूभर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अमेरी से जामगांव एम जाने वाली सड़क पर चलना अब लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, अमेरी से जामगांव एम मार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ मर्यादित के उपक्रम हर्बल एक्सटेंशन इकाई की चिमनी से लगातार काला राख और धुआं निकल रहा है। इस काले डस्ट के कारण सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- हर्बल एक्टेंशन इकाई द्वारा निकलने वाले धुएं से परेशान, आँखों में चुभता है काला धुंआ

राहगीरों का कहना है कि उड़ती हुई राख सीधे आंखों में चली जाती है, जिससे जलन और संक्रमण की समस्या हो रही है। यही नहीं, इसी मार्ग से अमेरी से जामगांव एम पढ़ने जाने वाले स्कूली बच्चे भी रोजाना गुजरते हैं, जिनकी सेहत पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

गांव के सरपंच भूषण भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रबंधन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन इसके बावजूद चिमनी से निकलने वाला काला धुआं बंद नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि इस यूनिट से निकलने वाला केमिकल युक्त गंदा पानी नाले में बहाया जा रहा है, जिससे आसपास के बोरवेल का पानी दूषित हो गया है। पानी से बदबू आने की शिकायत भी सामने आ रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेता है और लोगों को राहत कब तक मिल पाती है।



### चारबांधा तालाब में असुविधा को ध्यान में रखकर बनवाई पचरी

**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलुद के अंतर्गत बाजार चौक सेलुद में स्थित चारबांधा तालाब में लोगों को आम निस्तारी के दिनो के साथ साथ दशगात्र जैसे शोक के कार्यक्रम में शामिल होने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। ग्रामीणों को तालाब में नहाने के समय तालाब में बहुत मुश्किल से चढ़ व उतर पाते थे क्योंकि तालाब के किनारे में रिटेनिंग वॉल तो बनाई गई थी लेकिन नहाने लिए उतरने चढने की सुविधा नहीं होने और अधिक गहरा होने के कारण कई ग्रामीण फिसल जाते थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने चारबांधा तालाब में पचरीकरण करके लोगों को सुविधा प्रदान की है ।प्रतिदिन नहाने के साथ दशगात्र जैसे शोक के कार्यक्रम में जब गाँव के साथ अन्य गांवों से लोग तालाबो में इकट्ठा होते है और पानी देने के संस्कार को पूरा करते है ऐसे समय में उतरने चढने मे लोगों को सुविधा होगी और आसानी से उतर चढ़ सकेंगे ।स्थानीय मुहल्ला वासियों के साथ ग्रामीणों ने इस निर्माण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# होली पर्व पर आसान नहीं होगा टाउनशिप की हरियाली पर कुल्हाड़ी चलाना

## उद्यानिकी विभाग ने शुरू की कवायद, निगरानी के साथ की सूखी लकड़ियों से होलिका जलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस साल होली में में टाउनशिप की हरियाली पर कुल्हाड़ी चलाना आसान नही होगा। होलिका दहन के लिए हरेभरे पेड़ों को काटने वाले होलियारों पर भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग की कड़ी नजर रहेगी । विभाग द्वारा होली जलाने के लिए टाउनशिप की खूबसूरत हरियाली को क्षति नहीं पहुंचाने और सूखी लकड़ियों का ही होली के लिए उपयोग किए जाने की अपील की गई है।

होली का त्योहार दस्तक दे रहा है। तीन मार्च को होलिका दहन और चार मार्च को रंगोत्सव है। टाउनशिप में होलिका दहन के लिए कुछ लोग विभिन्न सेक्टरों के हरे पेड़ों की टहनियों को काटकर होली जलाते हैं। इसके लिए कुछ दिन पूर्व पेड़ों मे आग भी लगा देते हैं। इससे टाउनशिप के पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। कई पेशेवर लोग भी होली के बहाने पेड़ों को काटकर इमारती लकड़ियों को टाल में बेच देते हैं। पिछले साल उतई रोड चोपड़ा पेट्रोल पंप के निकट और भिलाई निवास के पीछे कई छायादार पेड़ों को काटा गया था। इस साल भी होली के पूर्व कुछ पेशेवरों या शरारती लड़कों द्वारा हरेभरे पेड़ों को काटकर आग के हवाले कर रहे हैं। गैरेज रोड सेक्टर 1 पर दो दर्जन से अधिक पेड़ों में आग लगा दी गई है। होली को निकट देख टाउनशिप की हरियाली को बचाने के लिए बीएसपी के उद्यानिकी विभाग ने कवायद शुरु कर दी है। विभाग द्वारा होलिका दहन के लिए हरेभरे पेड़ों को क्षति नहीं पहुंचाने और सूखी लकड़ियों का ही उपयोग किए जाने की अपील की गई है। विभाग के लिए सेक्टरी क्षेत्रों में लगी नर्सरी और सड़कों के किनारे सघन पेड़ों की निगरानी भी करेंगे।



### टाउनशिप में लगे हैं दस लाख पेड़

उल्लेखनीय है कि ग्रीन एंड क्लीन सिटी के नाम से चर्चित टाउनशिप की हरियाली सुंदरता के साथ पर्यवारण के लिए भी जानी जाती है । पूरे टाउनशिप मे दस लाख से अधिक पेड़ लगे हैं। टाउनशिप में माइंस एरिया मिलाकर तीस लाख पेड़ लगे हैं। इस वृहद हरियाली के कारण यहां पर्यावरण संतुलन के साथ गर्मी में तापमान भी कम होता है। बीएसपी उद्यानिकी विभाग के महाप्रबंधक डां. एनके जैन बताते हैं भिलाई इस्पात संयंत्र और वन विभाग द्वारा हर साल टाउनशिप में लाखों पौधे लगाए जाते हैं। इनका बचाव व संवर्धन सभी नागरिकों की जिम्मेदारी।

## खबर संक्षेप



### ग्राहकों ने चुनौतियों को किया साझा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन एवं व्यवसाय नियोजन (मार्केटिंग एंड बिसनेस प्लानिंग) विभाग के सभागार में ग्राहक मिलन कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक पी. सुब्बा राव ने की। विपणन विभाग द्वारा अपनाई गई डिजिटलीकरण पहलों का जानकारी साझा की गई । उद्देश्य तेज़, पारदर्शी एवं ग्राहक-अनुकूल सेवा सुनिश्चित करना है। सत्र के दौरान ग्राहकों ने अपने दैनिक कार्य निष्पादन में आने वाली विभिन्न व्यावहारिक चुनौतियों की चर्चा की।। इनमें वीएएन भुगतान में विलंब, हालिया ई-नीलामियों में दोषपूर्ण इस्पात वस्तुओं की सीमित उपलब्धता, क्रेन की उपलब्धता से संबंधित समस्याएँ, उठाई गई । ग्राहकों द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि विपणन अधिकारियों के साथ संयंत्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण आयोजित किया जाए, जिससे अनुपयोगी अथवा निष्क्रिय पड़ी अतिरिक्त सामग्रियों एवं स्पेयर पार्ट्स की पहचान कर उन्हें भविष्य में विक्रय सूचीबद्ध किया जा सके।

## बैठक को लेकर अब भी इंतजार, नहीं हो सकी एमआईसी की बैठक में आय-व्यय की चर्चा

# बजट पर नहीं हो सकी चर्चा, सचिव पहुंच गए मोटी किताब लेकर, महापौर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की वर्ष 2026-27 वित्तीय वर्ष को लेकर तैयार बजट पर चर्चा के लिए आयोजित महापौर परिषद की बैठक गुरुवार को निगम के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से अधूरी रह गई। बैठक बजट को लेकर आयुक्त द्वारा तैयार आय-व्यय के प्रावधानिक आंकड़ों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी।

बैठक में निगम के सचिव रेवाराम मनु सीधे बजट पुस्तिका लेकर ही पहुंच गए। बजट की पुस्तिका को देख महापौर अलका बाघमार ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसका सदस्य कैसे अवलोकन कर सकते हैं। आय-व्यय का संक्षेप में ब्योरा लाया जाए। जरूरी प्रावधानिक आंकड़ों की जानकारी दी जाए। इसके बाद उन्होंने ब्योरा को लौटा दिया और आगामी दिनों पुनः बैठक में चर्चा लाने का निर्णय लिया गया। बता दें कि नगर पालिक निगम एक्ट के मुताबिक महापौर परिषद की बैठक में वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा आयुक्त द्वारा लाया जाता है, जिस पर चर्चा और संशोधन के बाद इसे सामान्य सभा में चर्चा के लिए रखा जाता है। इस लापरवाही के चलते अब अगली महापौर परिषद की बैठक में ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में लाए गए अन्य जरूरी प्रस्तावों को चर्चा के बाद मंजूरी दे दी गई।

### गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने योजना पर लगी मुहर



### गर्मी से पहले पाइप लाइन विस्तार को प्राथमिकता

महापौर अलका बाघमार ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि गर्मी आने से पहले छूटे क्षेत्रों में पाइप लाइन विस्तार तत्काल पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि 30 जून तक सभी पुराने नल कनेक्शन हटाकर नई पाइप लाइन से जोड़े जाएंगे, जिससे जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। साथ ही गली–मोहल्लों में बेवजह बहते नालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश देकर पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की बात कही।

### शहर में अब नजर नहीं आएगा गोबर व प्लास्टिक

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि आगामी 2 मार्च से शहर के किसी भी हिस्से में गोबर और प्लास्टिक का कचरा नजर नहीं आएगा। इसके लिए निगम जल्द ही एक व्यक्ति को अनुमति देने जा रही है। वह व्यक्ति शहर के सभी 60 वार्डों से गोबर और प्लास्टिक का कचरा अपने खर्चे पर उठाएगा। निगम द्वारा किसी भी प्रकार का आर्थिक या अन्य प्रकार का सहयोग नहीं किया जाएगा। वह व्यक्ति गोबर से लकड़ियां तैयार करेगा। वहीं प्लास्टिक के कचरे को सीमेंट फैक्ट्रियों को बेचकर लाभ अर्जित करेगा। इससे निगम साफ सुथरा नजर आएगा। 2 मार्च से इसे शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

### 24 एमएलडी के फिल्टर प्लांट में लगेगा टर्बाइन पंप

एमआईसी की बैठक में 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वर्टिकल टर्बाइन पंप की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा 24 एमएलडी इंटेकवेल में पंप लगाने के लिए 194.64 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। जानकारी दी गई कि ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में 8 निविदाएं प्राप्त हुईं, जिनमें परीक्षण के बाद मेसर्स पीएन इंटरप्राइजेस, बिलासपुर की 1.21 करोड़ की न्यूनतम दर को स्वीकार किया गया। बैठक में नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू,शिव नायक, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, अभियंता अधिकारी विनीता वर्मा, मो सलीम सिद्दीकी, प्रकाशचंद थावनी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित अन्य मौजूद थे।

### 7.23 करोड़ रुपए की लागत से 60 वार्डों में बनेंगी नालियां

मेयर इन काउंसिल की बैठक में 2026–27 के अनुमानित वार्षिक बजट पर विचार करते हुए शहर के भविष्य के विकास कार्यों के लिए दिशा तय की गई। निगम की प्राथमिकताओं में नागरिक सुविधाओं का विस्तार, बुनियादी ढांचे का उन्नयन और पेयजल–नाली–सड़क जैसी जरूरतों पर विशेष ध्यान केंद्रित रहा। बैठक में सड़क संधारण व नाली निर्माण कार्यों में तेजी, 62 कार्यों को मंजूरी लोककर्म विभाग द्वारा वार्ड 30 में पूर्व स्वीकृत सड़क कार्य के स्थल परिवर्तन को मंजूरी दी गई। अब तहसील कार्यालय से ज्योति ऑप्टिकल तक बी.टी. रोड संधारण कराया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र के 1 से 60 वार्डों में 62 नाली निर्माण कार्यों हेतु 738.54 लाख रुपये का प्रस्ताव पारित किया गया।

# बीआरपी कॉलोनी वार्ड 16 में पेयजल सीमेंटीकरण और सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ रिसाली वार्ड 16 में पहुंची महापौर शशि सिन्हा

रिसाली निगम के वार्ड 16 बीआरपी कालोनी में महापौर शशि सिन्हा ने गुरुवार को दौरा किया। इस दौरान रहवासियों ने नल, सीमेंटीकरण, साफ-सफाई जैसी मांगे रखी। उनकी समस्याओं को स्वयं महापौर ने देखा और इसे दूर करने का आश्वासन दिया। गिरीश लाइन में नल में पानी नहीं आ रहा था जिसे जल विभाग को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। पार्षद कार्यालय से जोगेंद्र घर तक 400 मीटर रोड सीमेंटीकरण का काम की मांग वार्ड वासियों द्वारा की गई। ईश्वर किराना से संगीता लाइन सपन ध्रुव घर तक रोड सीमेंटीकरण भी करने की जरूरत पाई। दोनों जगह सीमेंटीकरण करने के लिए महापौर ने भरोसा दिलाया। ईश्वर किराना के पास मंदिर संधारण जल्द होगा। आंगनबाड़ी के लिए शौचालय निर्माण करने की बात कहीत्र अफ़जल लाइन, बाबूलाल घर पास अवैध कब्जा मिला जिसे राजस्व विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए। हनुमान मंदिर से रेलवे किनारे से तिरंगा चौक तक पास 300 मीटर नाली निर्माण की मांग और चंद्राकर किराना से तिरंगा चौक तक सीमेंटीकरण 300 मीटर तक होगा। दौरा कार्यक्रम में वार्ड पार्षद विनय नेताम, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकुंद कुमार भाऊ, एमआईसी मेंबर अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, रोहित धनकर , संजू नेताम, पूर्व पार्षद चुम्मन देशमुख, राजेंद्र रजक, महिला ब्लॉक कांग्रेस हेमीन चतुर्वेदी, गुलाब दास मानिकपुरी, मुन्ना समद, ,विरेंद्र खरे, तेजराम देवांगन ,मनीष साहू, दीपांकर साहू, राहुल साहू , सुरेंद्र बाघमारे, सोनू सिंग, चंद्रकांत कोरे आदि मौजूद रहे।

### बीएसपी में ड्यूटी टाइम में आधा घंटा बंद रहेगा लोको

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाने के मुद्दे को लेकर सीटू और कार्यपालक निदेशक के बीच बैठक हुई। ईडी ने यूनियन को बताया कि संयंत्र के अंदर सड़कों पर ड्यूटी टाइम में भारी वाहनों पर रोक लग गई है लोको मूवमेंट के बारे में भी चर्चा की गई है। ब्लास्ट फर्नेस एवं स्टील मेल्टिंग शॉप के बीच होने वाले हॉट मेटल लोको हॉट मेटल लैडल ले जाने वाले लोको मूवमेंट को छोड़कर बाकी जगह पर ड्यूटी आते जाते समय संयंत्र के अंदर रेलवे क्रॉसिंग में लोको मूवमेंट पर रोक लगाई जा रही है। इसके तहत प्रथम पाली, द्वितीय पाली, सामान्य पाली एवं रात्रि पाली में ड्यूटी आते जाते समय आधे घंटे के लिए रेलवे क्रॉसिंगों पर लोको मूवमेंट बंद रहेगा। सीटू नेताओं ने कहा कि संयंत्र के अंदर सड़कों पर चलने वाले भारी वाहनों में (होलपैक) में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है उसी तर्ज पर लोको में भी जीपीएस सिस्टम लगाया जाना चाहिए । संयंत्र के अंदर कई जगहों पर होलपैक होलपैक से बड़ी दुर्घटनाएं भी संयंत्र के अंदर घट चुकी हैं। इसे देखते हुएहोलपैक में 360 डिग्री कैमरा लगाया जा रहा है ।

# मदर्स मार्केट दुकान आवंटन को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पावर हाउस भिलाई में स्थित मदर्स मार्केट और सी मार्केट की दुकानों का आवंटन न किए जाने और संप्ति जर्जर होने को लेकर आम आदमी पार्टी ने गुरुवार सुबह भिलाई नगर निगम के सामने धरना देकर आक्रोश व्यक्त किया।

आप ने आरोप लगाया कि निगम आयुक्त ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं। कई बार आवेदन के बाद भी महिलाओं के उत्थान के लिए बने मदर्स मार्किट में दुकानों का आवंटन नहीं किया जा रहा है। आप के नेता मेहरबान सिंह ने भाजपा से सवाल किया की क्या भिलाई निगम आयुक्त को हटाने का ऐलान भी डोनाल्ड ट्रंप करेंगे? ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है क्योंकि कुछ दिन पूर्व भाजपा ने प्रेस वार्ता करके की आयुक्त राजीव पांडे को हटाने की बात कही थी कुछ दिन बाद कांग्रेस वालों ने भी आयुक्त को हटाने की बात कही थी। छत्तीसगढ़ में सरकार किसकी है भाजपा की है तो आयुक्त हटाने में समस्या क्या है? आप नेता जसप्रीत सिंह ने कहा कि मदर मार्केट में कुल 30 दुकान हैं इन 30 दुकानों में तीन दुकान अलग-अलग लोगों को दी गई है लेकिन बिना किसी प्रक्रिया के उन दुकानों को दिया गया है जिसे अवैध कब्जा माना जा सकता है। इन दुकानों के आवंटन से मिनिमम अगर एक दुकान का किराया 5000 रुपए भी ले तो हर माह लगभग डेढ़ लाख रुपये निगम को राजस्व मिल सकता था । आप ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नही की गई तो आंदोलन किया जाएगा। धरने में मेहरबान सिंह, ज्योति पूर्ण कुलबीर शिव शेट्टी, जसप्रीत सिंह, सोनू यादव, डॉ. एसके अग्रवाल, के ज्योति सुजाता, देवेंद्र बिजलेकर, रऊफ अंसारी, राजकुमार, अविनाश, छबि, मनीष मिश्रा, कृत राम और तुलसी राम आदि मौजूद थे।

## नौसेना बेड़े में शामिल होने जा रहा आईएनएस अंजदीप



**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस अंजदीप के लिए ज़रूरत की पूरी मात्रा की स्पेशल ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस अंजदीप भारतीय नौसेना में शामिल होने जा रहा तीसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट ( एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) कार्वेट है। इससे पहले पिछले साल आईएनएस अरनाला और आईएनएस एंड्रोथ भी शामिल किए जा चुके हैं।

नौसेना के पुराने होते अभय-श्रेणी के जहाजों को बदलने के लिए इन एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। इसमें योगदान देते हुए, सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे आठ एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कार्वेट के लिए 3,500 टन विशेष-ग्रेड स्टील की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है।

# इस्पात संयंत्र कर्मियों को मिले नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक ने उठाई मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एम डब्ल्यू आर एम मनीष कुमार गोयल के साथ स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कर्मियों एवं ठेका कर्मियों से संबंधित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। यूनियन की ओर से मांग की गई कि नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। ठेका कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान कर निर्धारित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी रेस्ट रूम में कूलिंग व्यवस्था की जाए एवं आवश्यक स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित किए जाएं। मॉडर्नाइजेशन के कारण प्रभावित रेस्ट रूम के स्थान पर नए रेस्ट रूम का निर्माण कराया जाए। सभी टॉयलेट में अनिवार्य रूप से कम से कम एक कमोड सीट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा की दृष्टि से ठेका कर्मियों का बार-बार परिवर्तन रोका जाए। प्रबंधन की ओर से बैठक में महाप्रबंधक सोमनाथ डे, मोहीब्बुल हुसैन, पी. एस. कोरेटी, नागेंद्र कुमार, अक्षय कुमार नायक, सहायक महाप्रबंधक के. एस. कृष्णकट, प्रबंधक समायला अंसारी एवं लेबर ऑफिसर तिजू राम साहू उपस्थित थे। यूनियन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, जी. आर. सुमन, कौशलेंद्र सिंह, शिव शंकर सिंह, सी. पी. वर्मा, रवि शंकर प्रसाद, यशजीत चौहान, अजय कुमार शाह, मनजीत सिंह, बसंत कुमार साहू एवं गिरीश डड़सेना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी उप महासचिव (मिल) सी. पी. वर्मा ने किया।







## भिलाई निगम क्षेत्र में चल रहा है विकास कार्य

# जोन-4 का डामरीकरण, बिजली और पेयजल व्यवस्था देखी आयुक्त ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विकास और बेहतर व्यवस्था हेतु निरीक्षण किये। उन्होंने जोन-4 खुर्सीपार अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिसमें नवनिर्मित डामरीकरण रोड का अवलोकन, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन संबंधी निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने वार्ड 46 मिनी माता नगर के नवनिर्मित डामरीकरण रोड, प्रकाश और जल आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पेयजल का दुरुपयोग होने से बचाये और बर्बाद हो रहे पेयजल के लिए टैब लगाएं। निगम आयुक्त ने शहर वासियों से अपील किए हैं कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल संरक्षण में निगम का सहयोग करें, व्यर्थ पानी न बहाएं और ना ही बहने दे । टोंटियां चोरी शहर में प्रायः देखने को मिलता है, जो कि निकृष्ट हरकत है । ऐसे असामाजिक लोगों के करण पानी का अव्यय होता है और कई घरों में पेयजल पहुंच नहीं पाता ।

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले पर होगी एफआईआर

आयुक्त पांडेय ने शासकीय संपत्ति का नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हेतु निर्देशित किये हैं। प्रायः देखने में आता है कि स्ट्रीट लाइट अनावश्यक जलते रहता है, प्रकाश व्यवस्था को व्यवस्थित करने हेतु तत्काल कदम उठाए, अनावश्यक स्ट्रीट लाइट बत्ती जलाने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ाई से निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा है आगामी समय में ऐसी स्थिति निर्मित होने से जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी । आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कहा शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। हम यह सुनिश्चित करेगें कि सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर और सही तरीके से पहुंचे। इस निरीक्षण के माध्यम से भिलाई नगर निगम ने शहर की साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया है, ताकि यहां रहने वाले नागरिकों को आरामदायक और स्वच्छ वातावरण मिले।



### सुधार कार्यों को गति देने आदेश

आयुक्त ने अधिकारियों को सुधार कार्यों की गति बढ़ाने का आदेश दिया। जिससे भविष्य में शहरवासियों को कोई असुविधा ना हो। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, पार्षद, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वस्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

02



महिला उद्यमियों ने मार्केट डेवलपमेंट करने के तौर-तरीके सीखे, मिला रोजगार

लाइव इवेंट

## 120 ड्राइवरों की नेत्र जांच, 35 चालकों को वितरित किये निःशुल्क चश्मे



**भिलाई।** विश्व रोटरी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनेकल द्वारा सर्विस और सेल्फ की भावना को साकार करते हुए बाफना टोल प्लाज़ा पर वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र और दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दुर्ग ट्रैफिक मितान, एनएचएआई तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। विश्व रोटरी दिवस पर आयोजित शिविर में समाज सेवा के प्रति रोटरी की प्रतिबद्धता को दर्शाने आयोजित शिविर के अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा की उपस्थिति रही। ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से 120 से अधिक वाहन चालकों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 35 से अधिक चालकों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। नेत्र जांच शिविर का संचालन गणेश विनायक फाउंडेशन, रायपुर की टीम द्वारा किया गया। टीम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नवीन कुमार, लुकेश, सुमित, सूरज शामिल रहे। मैत्रेयी डेंटल कॉलेज की टीम द्वारा संचालित शिविर में दांत और उपचार शिविर में लगभग सौ लोगों की संपूर्ण जांच और आवश्यक उपचार किया गया। दंत चिकित्सा टीम में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जनस्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग डॉ. वी. बाल सुब्रमण्यम, डॉ. ऐश्वर्या मित्रा, डॉ. श्याम, डॉ. सृजित, डॉ. बेबी जमान, डॉ. हर्षिता, डॉ. अनुश्का ने जांच कर महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में वाहन चालकों एवं अन्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। अनेक रोटेरियन सदस्यों ने भी अपने ड्राइवरों को शिविर में भेजा एवं स्वयं उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सहयोग दिया। इस सेवा प्रकल्प के दौरान क्लब की अध्यक्ष रो. डॉ. पूर्वा रोजिंदार, सचिव मधुलिका अग्रवाने, शालू गोयल, आशमित बेदी, प्रीति गोयल, शारू शर्मा, निधि बंसल और स्नेहा गुलाटी का विशेष योगदान रहा।

■ विश्व रोटरी दिवस समारोह नि:शुल्क नेत्र और दंत जांच शिविर का ड्राइवरों ने उठाया लाभ

लाइव इवेंट

## ऑल इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेगी दुर्ग की क्रासकंट्री महिला टीम



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की क्रासकंट्री महिला मैग्लोर विश्वविद्यालय कर्नाटका में 27 फरवरी को आयोजित ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रासकंट्री महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया। टीम मैनेजर शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ के क्रीड़ाधिकारी मणिशंकर और सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग कोच भारती के मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी। क्रासकंट्री महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों में भगवती शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, निशा साहू गवर्नमेंट दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, छवि दिल्लीवार शासकीय कॉलेज दुर्ग, आंचल साहू देव संस्कृति कॉलेज खपरी, साक्षी यादव गवर्नमेंट दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, रिया गवर्नमेंट कोदूराम दलित कॉलेज नवागढ़ में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेंगे।

## साहित्य सृजन परिषद की ओर से होली मिलन और सरस काव्य गोष्ठी कल

**भिलाई।** साहित्य सृजन परिषद भिलाई की ओर से होली मिलन समारोह एवं सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन 28 फरवरी शनिवार को किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष नीलम जायसवाल ने बताया कि दोपहर ढाई बजे से राजराजेश्वरी मंदिर परिसर पावर हाउस भिलाई में यह आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि आचार्य डॉ महेश चंद्र शर्मा होंगे। अध्यक्षता श्रमिक नेता पंडित पभुनाथ मिश्र करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुशील यादव वरिष्ठ साहित्यकार होंगे। संस्था अध्यक्ष एन एल मौर्य प्रीतम स्वागत उद्बोधन देंगे। वहीं मंच संचालन उपाध्यक्ष नीता कम्बोज करेंगी। आभार प्रदर्शन महासचिव ओमवीर करन करेंगे।

● मारवाड़ क्षेत्र में प्रभावी होलाष्टक के दौरान मांगलिक कार्य वर्जित, करें भगवान की आराधना और दान-पुण्य

# होलाष्टक का साया, लगा मांगलिक कार्यों पर विराम, घरों में रंगोत्सव की तैयारियां तेज, 3 मार्च को तड़के सुबह होलिका दहन का शुभ मुहूर्त का योग

**भिलाई।** 24 मार्च मंगलवार से होलाष्टक शुरू हो चुकी है जो की 3 मार्च तक रहेगा। इसमे मांगलिक उत्सव करना वर्जित है लेकिन द्विरागमन, विवाह सहित पुंसवन (गर्भधारण संस्कार) आदि के शुभ मुहूर्त हैं, जो इस समय किया जा सकता है। होलाष्टक का प्रभाव हिरण्यकश्यप के राज्यवर्ती क्षेत्र अर्थात व्यास, रावी, सतलुज नदियों के निकटवर्ती कुछ क्षेत्रों एवं पुष्कर राजस्थान के कुछ सीमित क्षेत्रों में ही मान्यता रहती है। होलाष्टक का प्रभाव उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड आदि क्षेत्रों में बिल्कुल भी नही पड़ता है। इसलिए होलाष्टक को लेकर भिलाई वासियों को भ्रमित होने की आवश्यकता नही है। साथ ही इस बार ग्रस्तोदित चंद्र ग्रहण की वजह से लोगों मे होलिका दहन के मुहूर्त को लेकर भ्रम की स्थिति है। अमूमन होलिका दहन होली के एक दिन पहले शाम को प्रदोषकाल में किया जाता है। लेकिन इस बार भद्रा की छाया और चंद्र ग्रहण के सूतक की वजह से होलिका दहन 2 मार्च की दरमियानी रात 3 मार्च की भोर मे होलिका पूजन और दहन करना उचित होगा। होलाष्टक और होली पर्व के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण जानकारी ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे ने दी।




### होलाष्टक का प्रभाव यूपी, छग, बिहार आदि क्षेत्रों में नही

होलाष्टक 3 मार्च तक रहेगा। इस दौरान राजस्थान, हरियाणा से लगे क्षेत्रों में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। होली से पहले आने वाले आठ दिनों को होलाष्टक कहा जाता है। 'होली' यानी होली का त्योहार और 'अष्टक' यानी उससे पहले के आठ दिन। इन आठ दिनों में लोग शुभ कामों से दूरी बनाते हैं और होलिका दहन की तैयारियां शुरू कर देते हैं। ज्योतिषाचार्य पं चौबे के अनुसार होलाष्टक का प्रभाव हिरण्यकश्यप के राज्यवर्ती क्षेत्र अर्थात व्यास, रावी, सतलुज नदियों के निकटवर्ती कुछ क्षेत्रों एवं पुष्कर राजस्थान के कुछ सीमित क्षेत्र को छोड़कर बाकी के पूरे देश मे होलाष्टक का प्रभाव बिल्कुल नहीं होता है। होलाष्टक का प्रभाव उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड आदि क्षेत्रों मे नही पड़ता है। इसका प्रमाण मुहूर्तचिन्तामणि एवं मुहूर्त गणपति नामक ग्रंथ मे प्राप्त होता है, इसलिए होलाष्टक को लेकर भिलाई वासियों को भ्रमित होने की आवश्यकता नही है।

### 3 मार्च की सुबह सूर्योदय तक होलिका दहन करना ही उचित

होलिका दहन और खेलने को लेकर इस विषय पर ज्योतिषाचार्य व भागवताचार्य आचार्य पं विनोद चौबे महाराज ने बताया कि होलिका दहन 2 मार्च को भद्रा उपरांत 3 मार्च को शेष रात्रि 1 बजकर 25 मिनट से 2 बजकर 26 मिनट तक भद्रा के पूच्छ काल (ग्रहण खत्म होने का समय) में या तड़के 5 बजकर 29 मिनट से सूर्योदय के मध्य होलिका पूजन, अर्चन और दहन करना शास्त्र सम्मत उचित होगा। उन्होंने कहा कि मदनरत्न में लिखा है कि भद्रायां दीपितां होली राष्ट्रभंगम करोति वै। नगरस्या च नैवेष्टा तस्मात्तां परिवर्जयेत। अर्थात भद्रा में होलिका दहन देश, नगर, ग्राम के लिए सुखदायी नहीं है। निर्णय सिंधु में लिखा है कि भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा। श्रावणी नृपति हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी। अर्थात भद्रा में श्रावणी व होली का पूर्ण त्याग करना चाहिए अन्यथा श्रावणी राजा को व होली ग्राम को कष्टकारी रहती है।

### धार्मिक स्थलों में होली पर्व की तैयारियां शुरू

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण पड़ेगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं 4 मार्च को रंगों का पर्व होली उत्साह के साथ मनाया जाएगा। धार्मिक स्थलों में होली पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजारों में भी रंग-गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री की बिक्री धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। व्यापारियों को नजदीकी दिनों में बाजार और गर्म होने की उम्मीद है। दरअसल 2 मार्च को सायंकाल 5 बजकर 57 मिनट से पूर्णिमा शुरू होने के साथ ही भद्रा लग जायेगी। जो अर्धरात्रि उपरांत 3 मार्च को सूर्योदय से पूर्व 5 बजकर 29 मिनट तक रहेगी। होली पर संपूर्ण भद्रा का त्याग करके 3 मार्च को तड़के 5 बजकर 29 मिनट से सूर्योदय तक होलिका दहन करना ही शास्त्र सम्मत उचित है।





## यूआरएम में आप भी जानिए कार्यक्रम, कार्यप्रणाली से परिचित हुईं अधिकारियों की जीवनसंगिनियां

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन कार्यालय, मिल्स जोन–2 द्वारा यूनिवर्सल रेल मिल के अधिकारियों की पत्नियों के लिए "आप भी जानिए" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन-एल एंड डी में आयोजित उदघाटन समारोह में महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता, जेएन ठाकुर उपस्थित थे । श्री ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन दिया। श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में सुरक्षित कार्यशैली में परिवार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश देवांगन ने सुरक्षा सावधानियों से अवगत कराया गया। महाप्रबंधक सुश्री के. सुपर्णा ने संयंत्र की समग्र कार्यप्रणाली की जानकारी दी।



### सहभागियों ने किया संयंत्र भ्रमण

सहभागियों को ब्लास्ट फर्नेस 8 एसएमएस 3, प्लेट मिल, रोज गार्डन तथा यूनिवर्सल रेल मिल का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें आधुनिक उत्पादन तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह, बहोरन लाल साहू लक्ष्मी देवी साहूअशरफ अली, श्री भुवन लाल साहू वसोनम रामटेके आदि उपस्थित थे। उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक ने आभार प्रदर्शन किया।

## छात्रावास में स्वास्थ परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन, छात्राओं ने कराई जांच



**भिलाई।** ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के सेवा और रचनात्मक कार्य के अंतर्गत आदिवासी विभाग के विज्ञान विकास केंद्र के छात्रावास में छात्राओं के लिए एक विशाल स्वास्थ परीक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सिविल सर्जन सह अधिक्षक जिला चिकित्सालय दुर्ग डॉ एके मिंज उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सेवाएं दी गई। जिनमें प्रमुख रुप से मेडिसिन डॉ अनिल विवेक सिन्हा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मानसी गुलाटी, डॉ मीना शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, होमियोपैथी डॉ अभिषेक खरे, डॉ अंकिता खरे, दंत चिकित्सक सिकल सेल एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण के लिए पी एचसी पोटीया के तकनीशियन उपस्थित थे।

रूंगटा यूनिवर्सिटी के बायोटेक्नोलॉजी साइंस के वैज्ञानिकों ने तुलसी के सत्व से तैयार किया नैनो फार्मूलेशन

कार्नर न्यूज

# वैज्ञानिकों ने खोजा खाने-पीने की चीजों की सेल्फ लाइफ बढ़ाने वाला देशी प्रीजर्वेटिव, अब तुलसी बढ़ाएगी भोजन की उम्र

**भिलाई।** अब खाने-पीने की चीजों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए केमिकल प्रिजर्वेटिव पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। हर किसी के घर आंगन में पाई जाने वाली तुलसी नेचुरल प्रिजर्वेटिव का काम करेगी। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बायोटेक्नोलॉजी साइंस के वैज्ञानिकों ने तुलसी के सत्व (एक्सट्रैक्ट) से ऐसा नैनो फार्मूलेशन तैयार किया है, जो खाने-पीने की चीजों को खराब करने वाले हानिकारक बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकने में असरदार है। यह शोध रूंगटा यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. विजयलक्ष्मी घोष ने किया है। इस रिचर्स को अमेरिका के वाइली पब्लिशर की अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका फ्लेवर एंड फ्रेगरेंस ने प्रकाशित किया है। शोधकर्ता ने बताया कि, उनकी टीम ने तुलसी के सत्व को पानी के साथ मिलाकर अत्यंत सूक्ष्म कणों वाला एक पारदर्शी घोल तैयार किया। इस तकनीक को नैनोइमल्शन कहा जाता है। इसमें बने कण इतने छोटे हैं कि उनका आकार लगभग 11 नैनोमीटर तक है। आकार छोटा होने से यह घोल भोजन की सतह पर समान रूप से फैल जाता है। यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है। छोटे कण खराब बैक्टीरिया तक आसानी से पहुंचते हैं और उनकी वृद्धि को रोक देते हैं।



### किस पर हुआ असर

शोध में पाया गया कि यह प्राकृतिक घोल बसेलियस सेरियस नामक बैक्टीरिया पर प्रभावी है। यह वही जीवाणु है जो दूषित भोजन में तेजी से बढ़ता है और उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। नए नैनो इमल्शन का पके हुए भोजन के सैंपल पर छिड़काव करने पर सामने आया कि इससे हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि पूरी तरह रुक गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि, यह तकनीक फलों के रस, कटे और साबुत फल, सलाद ड्रेसिंग, रेडी-टू-ईट फूड आइटम जैसे सैकड़ों तरह चीजों को नुचेरल तरीके से प्रीजर्व करने में काम आ सकेंगे। इसकी मदद से भोजन की सेल्फलाइफ को लगभग दोगुना किया जा सकेगा।

### किस तरह होगा फायदेमंद

इस तकनीक से छोटे व्यापारियों और किसानों को भी मदद मिलेगी। अक्सर फल और सब्जियां जल्दी खराब होने से बड़ा नुकसान हो जाता है। अगर यह प्राकृतिक नैनो इमल्शन इस्तेमाल में आता है तो उत्पाद ज्यादा समय तक ताजा रह सकते हैं, जिससे बर्बादी कम होगी। इसके अलावा कोल्ड स्टोरेज पर निर्भरता कुछ हद तक कम हो सकती है। निर्यात के लिए भेजे जाने वाले खाद्य पदार्थों को भी ज्यादा दिनों तक सुरक्षित बनाया जा सकेगा और उनकी गुणवत्ता बनी रहेगी। यह नई तकनीक पर्यावरण के लिए भी बेहतर मानी जा रही है, क्योंकि इससे केमिकल प्रीजर्वेटिव का उपयोग घट सकता है। साथ ही, नेचुरल और हर्बल टैग वाले उत्पादों की मांग बढन्ने से बाजार में नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

सिटी लाइव

## एसएमएस-2 में सुरक्षा सप्ताह स्पर्धाओं के विजेता हुए पुरस्कृत




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 में सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पीके सरकार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल ने की। सेफी चेयरमेन वओए-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बंछोर, मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सुमित कुमार नेसुरक्षा शपथ दिलाई। सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिनन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें क्यू-काड्र्स एवं टूलबॉक्स वार्ता पर आशु भाषण, सेफ्टी पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता, सेफ्टी स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता, औद्योगिक कार्य संबंधी सामान्य ज्ञान पर क्विज़ तथा अधिकारियों हेतु सुरक्षा मानकों पर विशेष क्विज़ प्रतियोगिता शामिल रहीं।

### कार्यशाला में कर्मियों की सहभागिता

गैस सेफ्टी एवं लाइफस्टाइल डिजीज विषय पर हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा औद्योगिक गैसों के सुरक्षित उपयोग, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम पर जानकारी साझा की गई। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। महाप्रबंधक एनके डेथे ने धन्यवाद ज्ञापन वकार्यक्रम का संचालन संजीव सिंह द्वारा किया गया।

सिटी इवेंट

## शहीद कप के पांचवें दिन गेंदबाजों का दिखा जलवा, जमकर चटकाए विकेट



**भिलाई।** भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में आयोजित शहीद कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन जमकर चौके छक्के लगे। इस सबके बीच गेंदबाजों ने भी अपना जवला दिखाया। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन करके जमकर विकेट चटकाए। पांचवें दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों, खिलाड़ियों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं दर्शकों ने अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि नितेश साहू (भाजपा प्रवक्ता, जिला दुर्ग), कमल रंदीवे (अध्यक्ष, हिंदू युवा मंच) तथा समाजसेवी जीतमोहन चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और विधिवत टॉस कराकर मैच शुरू करवाया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजों ने आकर्षक शॉट्स लगाकर दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी से मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। फील्डरों की चुस्ती और सजगता भी सराहनीय रही। पूरा मैच रोमांच से भरपूर रहा और दर्शकों की तालियों एवं उत्साहवर्धन से मैदान गूंजता रहा। मैच के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिदिन की भांति लकी ड्रॉ निकाला गया, जिसमें चयनित दर्शकों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर समिति के सदस्य रिंकू तिवारी, समीर, रवि, तरुण, आयुष, हितेश, शिवांत, जतिन, शेषु, इनायत, हिमांशु, पलक, बल्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा दोनों टीमों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

समाज इवेंट

## योग पाठ्यक्रम की शुरुआत, जीवन शैली में योगाभ्यास को अपनाने किया प्रेरित



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में बी.एड.चौथे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के अंतर्गत योग फाउंडेशन कोर्स का शुभारंभ किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ शैलेंद्र विशी ने योग के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य,अनुशासन, आष्टांगिक योग के महत्व के विषय में छात्राओं को जानकारी देते हुए योग के विभिन्न पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। ताकि जीवन में इसका लाभ उठा सके। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने योग को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कला बताया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने जीवन शैली में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित द्वारा योग शिक्षा को बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में शामिल करने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा संकाय की सहायक प्राध्यापिका एवं कार्यक्रम कॉर्डिनेटर डॉ.हेमलता सिदार और आभार व्यक्त आशा आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षा विभाग की अन्य सहायक प्राध्यापिकाएं डॉ. भावना चौहान, काकोली सिंघा, सत्यम मिश्रा और रोमा टंडन का योगदान रहा। कार्यक्रम में बी.एड.चौथे सेमेस्टर की छात्राएं उपस्थित रही।

● महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 और शी-बाक्स पोर्टल कार्यशाला

# शासकीय और अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों में 10 से अधिक कर्मचारियों के बीच आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

**भिलाई।** महिलाओं और बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों पर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभा कक्ष में किया गया। कार्यशाला में महिलाओं तथा बच्चों के अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 तथा शी-बाक्स पोर्टल के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, कारखानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं शॉपिंग मॉल आदि में जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. जाम्बुलकर द्वारा अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यशाला में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के संबंध में एडिशनल एस.पी. चित्रा वर्मा ने विस्तृत जानकारी दी।




### लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर डाला प्रकाश

कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के विषय विशेषज्ञ रचना नायडू ने अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, कारखानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं शॉपिंग मॉल आदि में जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित कार्यस्थल का अधिकार, घटना के तीन माह के भीतर शिकायत दर्ज करने का अधिकार, गोपनीयता का अधिकार जिसमें नाम सार्वजनिक न किये जाने, जांच के दौरान सुरक्षा स्थानांतरण, अवकाश आदि तथा निष्पक्ष जांच का अधिकार प्राप्त है।

### वेश्यावृत्ति को रोकने कानूनी नियमों की दी जानकारी




जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में दुर्ग की समाजसेवी संस्था हंसराज नवयुवक मंडल के प्रतिनिधि के रूप में जयवर्धन गजभिए ने भी अपनी सहभागिता दी। आने वाले समय में भी दुर्ग में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बातें कही ताकि किसी भी महिला या बच्चों के साथ अन्याय व उनके अधिकारों का हनन ना हो सकें। उन्होंने बढ़ती वेश्यावृत्ति को रोकने, महिलाओं को कानूनी नियमों के बारे में बताने व संगठित करने के लिए विभाग के अधिकारियों से निवेदन किया।

### समिति का गठन न करने पर जुर्माने का प्रावधान

नियोक्ताओं की जिम्मेंदारियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आंतरिक शिकायत समिति का गठन, कर्मचारियों को पॉश प्रशिक्षण प्रदान करना, शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही, वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना तथा कानून का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। समिति का गठन न करने पर 50,000 रुपये तक जुर्माना एवं लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रावधान है। दोष सिद्ध होने पर लिखित माफी, वेतन कटौती, पदावनति, सेवा से निष्कासन तथा आवश्यकतानुसार पुलिस कार्रवाई भी की जा सकती है। कार्यशाला में सभी कार्यालयों को अपने संस्थान एवं आंतरिक शिकायत समिति को शी-बाक्स पोर्टल पर ऑनबोर्ड करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते हुए सभी अशासकीय प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समिति के गठन एवं उसे शी-बाक्स पोर्टल पर ऑनबोर्ड कराने के लिए संगठन प्रमुखों से सहयोग करने की बातें कही। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनूप गटागट, महिला विंग की अध्यक्ष डॉ मानसी गुलाटी, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष सी.पी. दुबे, चेम्बर ऑफ कॉमर्स प्रदेश अध्यक्ष शिव चन्द्राकर, विजय अग्रवाल सहित विभिन्न अशासकीय प्रतिष्ठानों के पदाधिकारी और महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित।

कार्यशाला...

## महिला उद्यमियों ने मार्केट डेवलपमेंट करने के तौर-तरीके सीखे, मिला रोजगार





**भिलाई।** केंद्र सरकार की आरएएमपी योजना के अन्तर्गत सीएसआईडीसी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार से जोड़ने, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर प्रदान करने के उददेश्य से गुरुवार को नगर पालिक निगम भिलाई में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उददेश्य महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं महिला संचालित बाजार विकास सहायता प्रदान करना है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी एवं मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन और निर्यात के अवसरों की विस्तृत जानकारी दिया गया। महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस जैसे हस्तक्षेप महिला उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता प्रदान करते है। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों हेतु उपलब्ध मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस योजनाएं, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय मेलों/प्रदर्शनी में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पाद ब्राडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, बी 2 बी एवं बी 2 सी मार्केट लिंकज के अवसर, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रोहित शर्मा, वासुदेव वर्मा एवं जिला कांडिनेटर शशांक सोनी सहित मिशन मैनेजर एकता शर्मा उपस्थित रहे।

संघ ने जताया शासन का आभार

## शासकीय कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा दिए जाने पर आभार जताया है। संघ के साथ-साथ शासकीय विभागों के अन्य संगठनों ने भी विगत तीन वर्षों से इस संबंध में शासन से लगातार मांग की थी। अब राज्य सरकार के बजट में इस आशय की घोषणा से स्वास्थ्य कर्मियों में हर्ष का माहौल है। संघ के प्रदेश महामंत्री सैयद असलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का बजट वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने पेश किया, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा की सौगात देते हुए इसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। संघ की ओर से प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी सहित कैबिनेट मंत्रियों और छत्तीसगढ़ के समस्त विधायक और सांसदों का इस पुनीत कार्य कैशलैस चिकित्सा सुविधा योजना के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए लगातार पत्राचार, संघर्ष , ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन करते हुए शासन के विभिन्न पटलों पर मुद्दा रखा गया। निजी अस्पताल में उपचार और बिल का भुगतान कर पाना उसके लिए दुर्लभ था। समय पर बेहतर उपचार व उचित चिकित्सा व्यवस्था नहीं होने की वजह से कई बार अपने परिजनों को खोना पड़ जाता था। दोनों स्थितियों में शासकीय कर्मचारियों को कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा था। सैय्यद असलम ने बताया कि प्रदेश के सभी संगठनों द्वारा अपने अपनी मांगों में कैशलैस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया और शासन के समक्ष रखा गया। इन सामूहिक प्रयासों और सार्थक प्रयासों से छत्तीसगढ़ सरकार ने उन सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श कर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है। राज्य शासन की ओर से शासकीय कर्मियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में अधिकारी-कर्मचारियों ने खुशियां मनाते हुए एक दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटी। इस दौरान संरक्षक और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंपेक्स ओ पी शर्मा प्रांताध्यक्ष अनिल पांडेय, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष आर डी दीवान, एस पी दीवान, प्रमेश पाल अजय नायक, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, जैकलीन डॉन, तृप्ति चंद्राकर, स्मिता बागड़े, आलिया खातून, उषा वर्मा, पी स्वामी, विवेक कापारे ,बी एल वर्मा, सोनसीर, राज विजय लक्ष्मी, खिलावन चंद्राकर, लक्ष्मीकांत धोटे, भूपेश उपाध्याय, रोशन सिंह, जिला चिकित्सालय दुर्ग अध्यक्ष राघवेंद्र साहू व प्राचार्य पुष्पा बांधे तथा नर्सिंग अध्यक्ष मंजू राय सहित तमाम पदाधिकारी शामिल थे।

सन शाईन हा. स्कूल के 30वां वार्षिकोत्सव में दिखा उत्साह

## नन्हे बच्चों ने नृत्य, नाटक और गायन की दी शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति, स्काउट गाइड व प्रतिभावान हुए सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सन शाईन हा. स्कूल का 30वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें बच्चों ने नृत्य, नाटक और गायन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। इस दौरान क्लास में मेरिट बच्चों, खेल, स्काउट गाइड सहित अन्य गतिविधियों में प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों नें बच्चों के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर वन्देमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर सस्वर वन्देमातरम गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार, विशिष्ट अतिथि दुर्ग सभापति श्याम शर्मा, विशेष अतिथि जे. मनोहरन, प्राचार्य, सेजेस, दीपका नगर, दुर्ग सहित विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।






### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

शाला के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, नाटक और गायन का संगम प्रस्तुत किया गया। विशेष अतिथि जे. मनोहरन द्वारा खेल एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अक्षत सिंह भुआल, भव्या सिंह, योगेश यादव, अक्षांश श्रीवास्तव, है. शिवा, लेखा भूमिका एवं भारत स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों को स्वर्ण एवं कास्य पदक के साथ प्रमाण पात्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन उप प्राचार्या काजल मित्तल, रसना मुखर्जी और एस पी मेहता, शायमा बानो के साथ-साथ शाला के विद्यार्थी त्रियांश, लक्षिका, गौरी, प्राची, रुचि, रिया, भाग्यश्री, काव्या, दिव्यांशी, हिमांशी, तोषी, सौम्या, हितांश, लकी, जान्हवी, पूर्वी, रश्मि, घनिष्टा द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्देशित विभिन्न गतिविधियों का संगम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के द्वारा से की गई। आमंत्रित अतिथियों के साथ शाला के डायरेक्टर दर्शनलाल भागवानी, प्राचार्या नम्रता नागर और सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वन्देमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण उपलक्ष्य में वन्देमातरम गीत का सस्वर गायन प्रस्तुत किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### दीक्षा और सूरज बने योगासना स्पोर्ट्स के नेशनल कोच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस), पटियाला, पंजाब में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की दो उभरती और प्रतिभाशाली योग विभूतियों, दीक्षा साहू (दुर्ग) और सूरज साहू (बिलासपुर) ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'योगासना स्पोर्ट्स' के नेशनल कोच बनने का गौरव हासिल किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से पूरे प्रदेश के योग प्रेमियों में हर्ष की लहर है। दीक्षा साहू योग के प्रति समर्पित परिवार से आती हैं। उनके पिता तिजऊ राम साहू (योगाचार्य, महामंत्री-पतंजलि योग समिति जिला दुर्ग एवं स्टेट जज योगासना स्पोर्ट्स) और माता यशोदा देवी साहू (योग शिक्षिका) के निरंतर मार्गदर्शन और संस्कारों ने उनकी सफलता की नींव रखी है। इसी तरह सूरज साहू ने बिलासपुर जिले का गौरव बढ़ाते हुए अपनी कड़ी मेहनत, अटूट निष्ठा और तकनीकी कौशल के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर कोच एवं जज के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। दोनों नवनियुक्त नेशनल कोचों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शकों गोस्वामी जयंत विष्णु भारती (प्रेसिडेंट-छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स), अनुप बंसल (सह-राज्य प्रभारी-भारत स्वाभिमान न्यास, छत्तीसगढ़) के साथ मास्टर आनंद सिंह (डायरेक्टर - स्वालंबी योग एकेडमी) के विशेष तकनीकी मार्गदर्शन, कठिन प्रशिक्षण को दिया है। पटियाला से नेशनल कोच की उपाधि प्राप्त करने के बाद अब दीक्षा और सूरज की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब वे न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के उभरते योग खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे और आगामी राष्ट्रीय योगासना प्रतियोगिताओं में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

### सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल के लिए छत्तीसगढ़ की टीम हुगली रवाना



**रायपुर।** 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों की टीमें भाग ले रही है। चैम्पियनशिप के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य का बालक एवं बालिका वर्ग का प्रशिक्षण शिविर रायपुर के सप्रे स्कूल के वॉलीबाल मैदान पर लगाया गया था। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के 21-21 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद दोनों ही दलों से 14-14 खिलाड़ियों को चुना गया है। बालक वर्ग में चयनित खिलाडियों में परमित सिह,मधु सुशांत,संस्कार सिंह (बीएसपी), विनय कुमार चौहान,अंकित बंजारे (कोरबा), कीर्तेश कुमार कश्यप (गरियाबंद), चैतन्य नामदेव (राजनादगांव), समारु (दंतेवाड़ा), लकी कुमार यादव (बिलासपुर), एस पार्थिवन, कुणाल बघेल (दुर्ग), हर्षित मंडावी, मोहम्मद रिहान ख़ान (कबीरधाम),लोकेश (रायपुर), मुख्य कोच अजीत कुट्टन रायपुर, सहायक कोच ओम बागी बिलासपुर सहायक कोच रविंद्र सिंह, सूरजपुर मैनेजर रविंद्र बागी रायपुर मुख्य कोच अजीत कुट्टन (रायपुर, छत्तीसगढ़ पुलिस) और सहायक कोच मोहन नायर (बिलासपुर, छत्तीसगढ़ पुलिस) शामिल हैं। बालिका वर्ग में दिलेश्वरी, रिकी (साई रायपुर), गुरलीन, मान्या, करिश्मा, जी प्रियल, भाव्या (दुर्ग), कोशी (दंतेवाडा), रूचिका, वसुन्धरा (रायपुर), करिश्मा पाल (बलौदाबाजार), ऋतिका, हरशु (कोरबा), अनाया (बिलासपुर), मुख्य कोच श्रीकांत मोदी (खेल प्रशिक्षक, एकलव्य खेल परिसर जवांगा, दंतेवाड़ा) सहायक कोच प्रियेश बागी(रायपुर),सहायक कोच हेमन्त कुमार सूरजपुर और मैनेजर सुनिधि पाण्डेय शामिल हैं।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी में छत्तीसगढ़ टीम

**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता 17 से 28 फरवरी तक झिलमिल एस.बी.वी .अशोक नगर नई दिल्ली में आयोजित है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने प्रदेश टीम के चयन के लिए स्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 18 सदस्यीय हॉकी टीम का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ की टीम में प्रवीण कुमार बेक, विमल लकड़ा ,अभय एक्का ,सुरेश लकड़ा, विशाल ,तौफीक अहमद ,सुखदेव निर्मलकर, धनीराम यादव ,खोगेश्वर बाग ,आशुतोष कुजूर, विजय कुमार तिग्गा, रवि शंकर कुजूर, अनुज तिग्गा, विजय, प्रियांशु सिंह, शैलेंद्र इक्का, बसंत कुजूर, टीम के कोच कश्मीर खलखो और मैनेजर अनिल कुमार है।



## बदलाव के इस मौसम में बच्चों की सेहत का रखें पूरा ध्यान

# गर्मी आने के पहले बच्चे को लग गई है जाती हुई ठंड तो बरतें कुछ बेहद जरूरी सावधानियां

बदलते मौसम में छोटे बच्चों में बुखार या सर्दी-जुकाम के मामले अक्सर ही देखने को मिलते हैं। ध्यान देने वाली बात यह है डॉक्टर बताते हैं कि इस मौसम में बच्चों में होने ज्यादातर परेशानियां पेरेंट्स की गलतियों की वजह से होते हैं।

बदलते मौसम में अक्सर यह सुनने को मिलता है कि बच्चों को 'जाती हुई ठंड' लग गई है। माता-पिता डर के मारे बच्चों को भारी-भरकम कपड़े पहना देते हैं, लेकिन यही सावधानी कभी-कभी बीमारी का कारण बन जाती है। पीडियाट्रिशियन डॉक्टर माधवी भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके बताया है कि उनकी ओपीडी में आजकल ऐसे कई बच्चे आ रहे हैं जो बुखार से तप रहे हैं, फिर भी उन्हें पेरेंट्स मोटे ऊनी कपड़े और थर्मल पहनाए हुए हैं।

डॉक्टर के अनुसार, तापमान बढ़ने के साथ ही वातावरण का 'बायो-फ्लोरा' बदलता है और कई नए वायरस एक्टिव हो जाते हैं। शादियों के सीजन में यात्रा और मेलजोल के कारण इंफेक्शन तेजी से फैलता है। अक्सर संक्रमण माता-पिता से ही बच्चों में पहुंचता है। डॉक्टर भारद्वाज का कहना है कि जब तापमान बढ़ रहा हो, तब बच्चों को अत्यधिक कपड़ों में लपेटना उनके शरीर की गर्मी को बाहर नहीं निकलने देता, जिससे उनका चिड़चिड़ापन और बुखार कम होने के बजाय और बढ़ जाता है।



### इंफेक्शन का खतरा और हाइजीन की अनदेखी

डॉक्टर माधवी बताती हैं कि 10 में से 8 मामलों में वायरल इंफेक्शन पहले माता-पिता को होता है और फिर बच्चों को। बड़े अक्सर अपनी इम्यूनिटी के भरोसे सावधानी नहीं बरतते, जिससे बच्चा बीमार पड़ जाता है। इसके अलावा 'ठंड न लग जाए' इस डर से पेरेंट्स बच्चों को नहलाने या हाथ धोने से बचते हैं। हाइजीन में यह कमी इंफेक्शन के फैलने की रफ्तार को और बढ़ा देती है। ध्यान रखें जुकाम-खांसी और उल्टी-दस्त वाले वायरस इस मौसम में सबसे ज्यादा एक्टिव होते हैं।

### बुखार में भारी कपड़ों का जोखिम

इन दिनों तापमान अब 20-25 डिग्री सेल्सियस पार कर रहा है, फिर भी लोग बच्चों को थर्मल पहना रहे हैं। डॉक्टर के अनुसार, एक्टिव बच्चों के शरीर में पहले ही बहुत हीट पैदा होती है। जब हम उन्हें मोटे कपड़े पहनाते हैं, तो उनके सिर से पसीना निकलता है और हाथ-पैर गर्म हो जाते हैं। बुखार की स्थिति में सबसे पहले बच्चे के कपड़े हल्के करें और थर्मल हटा दें। अक्सर एक-दो लेयर कम करने मात्र से ही बच्चे का चिड़चिड़ापन और तापमान बिना दवाई के ठीक हो जाता है।




### हीट रैश और कपड़ों का सही चुनाव

गर्मी और ऊनी कपड़ों की वजह से बच्चों में 'हीट रैश' यानी घमौरियों की समस्या बढ़ जाती है। डॉक्टर भारद्वाज सलाह देती हैं कि अब ऊनी कपड़े और थर्मल पूरी तरह बंद कर देना चाहिए। इसके बजाय कॉटन (सूती) के कपड़ों की लेयरिंग का इस्तेमाल करें। अगर तापमान में गिरावट महसूस हो, तो सूती कपड़ों की एक से ज्यादा परतें पहनाना ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक हो सकता है। इससे शरीर की त्वचा सांस ले पाती है और पसीना जमा नहीं होता।



### कितने कपड़े पहनाना है सही?

अक्सर माता-पिता असमंजस में रहते हैं कि बच्चे को कितने कपड़े पहनाएं। इसके लिए डॉक्टर ने एक सरल नियम बताया है। डॉक्टर के अनुसार, ₹जितने कपड़े मां ने पहने हैं, बच्चे को उससे सिर्फ एक लेयर एक्स्ट्रा पहनाएं।₹ इस नियम का पालन करने से बच्चा न तो बीमार पड़ेगा और न ही उसे ओवरहीटिंग की समस्या होगी। इन सब के बावजूद भी अगर बच्चे को बुखार है तो आप अपने नजदीकी डॉक्टर से जरूर सलाह लें।



# बदलते मौसम में इम्यूनिटी बढ़ाने के बदलें खानपान

बदलते मौसम में अपनी इम्यूनिटी पर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है। इसलिए आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए किन चीजों को डाइट में शामिल करना बहुत जरूरी है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

ठंड का मौसम धीरे-धीरे जा रहा है, बहुत से लोग अब रात में पंखा चलाकर सोना शुरु कर चुके हैं। ऐसे मौसम में बदलाव आते ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी 'इम्यूनिटी' पर सबसे ज्यादा दबाव पड़ता है। जैसे ही तापमान में उतार-चढ़ाव होता है, हवा में वायरस और बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां घर-घर पहुंचने लगती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एक मजबूत इम्यून सिस्टम न सिर्फ बाहरी कीटाणुओं से ही नहीं लड़ता, बल्कि शरीर के अंदरूनी अंगों की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाना कोई रातों-रात होने वाला चमत्कार नहीं है, बल्कि यह आपकी दैनिक खान-पान की आदतों और जीवनशैली पर निर्भर करता है। बदलते मौसम में उन फूड प्रोडक्ट को डाइट में शामिल करना बहुत जरूरी होता है जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ा सके। इसलिए आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि किन चीजों को डाइट में शामिल करने से आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।



### विटामिन-सी और खट्टे फलों की शक्ति

हमने इस विषय में कुशीनगर के निजी अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टर रवि कुशवाहा से बात की। उन्होंने बताया कि इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन-सी से भरपूर चीजों को डाइट में शामिल करना बहुत जरूरी है। डॉक्टर से मुताबिक संतरा, नींबू, आंवला और कीवी जैसे फल सफेद रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को बढ़ाते हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मुख्य भूमिका निभाती हैं। ये फल न सिर्फ शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं, बल्कि एंटीऑक्सीडेंट्स के जरिए फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान को भी रोकते हैं। डॉक्टर ने ये भी कहा बहुत से लोगों को मालूम होने के बावजूद नींबू और आंवला से बचते हैं, ऐसे में रोजाना दो आंवले का जूस और रोज सुबह नींबू पानी पीनी अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। ये आदत आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

### अदरक, लहसुन और हल्दी

डॉक्टर रवि के मुताबिक भारतीय मसालों में छिपे औषधीय गुण इम्यूनिटी के लिए 'पावरहाउस' हैं। अदरक में 'जिंजरॉल' और हल्दी में 'करक्यूमिन' होता है, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं और गले के संक्रमण से राहत दिलाते हैं। वहीं लहसुन में मौजूद 'एलिसिन' शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता को दुगना कर देता है। रात को सोने से पहले गुनगुने दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पीना शरीर की थकान और कमजोरी दूर करने का सबसे पुराना और कारगर नुस्खा है।



# एलिट ग्रुप में बीएसपी के नितांत के शानदार 110 रन



■ भिलाई, राजनांदगांव, कांकेर और रायपुर में जारी है सीनियर वर्ग के मैच

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे राउंड के पहले दिन के मैच विभिन्न शहरों में हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी ने जांजगीर चांपा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में तीन विकेट पर 317 रन बनाए। जिसमें नितांत सिंह ने 110 रन, संगीत सोनी ने 80 रन, शुभम मौर्य ने नॉट आउट 74 रन और जी सत्य विकास शर्मा ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चाम्पा के मोहम्मद शाहनवाज, लवयम राजपूत एवं शाबान खान ने एक-एक विकेट लिए।

न्यू ग्राउंड कांकेर में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू पहली पारी में 87 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद शाहबाज ने 19 रन और धनंजय नायक ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में बीसीए के आनंद राव ने 3 विकेट, शुभम सिंह एवं दिवाकर ताम्रकार ने दो-दो विकेट, चंद्र भूषण साहू एवं चिन्मय विश्वकर्मा ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में बीसीए ने पहली पारी 4 विकेट पर 118 रन बनाए। जिसमें अंबरीश कुमार सिंह ने नॉट आउट 62 रन, कप्तान संजीत देसाई ने नॉट आउट 36 रन और आलोक गुप्ता ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर ब्लू के धनंजय नायक एवं दीपक सिंह बघेल ने दो-दो विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम बिलासपुर 208 रन पर आउट हो गई। मोहित रावत ने 83 रन ,मोहम्मद इरफान ने 37 रन, सनी पांडे एवं अभिषेक शाहगौरा ने 20-20 रन बनाएं। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के शशांक तिवारी ने 5 विकेट और अब्दुल अनस खान ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी में चार विकेट पर 59 रन और यश कुमार वरडा ने नॉट आउट 33 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के इम्तियाज़ खान ने दो विकेट, प्रवीण यादव एवं ओम वैष्णव ने एक-एक विकेट लिए।

आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में सरगुजा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव टीम पहली पारी में 200 रन पर आउट हो गई। अरिन द्विवेदी ने 63 रन, विकल्प तिवारी ने 62 रन और युगतिज्ञ वर्मा ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में सरगुजा के आराध्य गुप्ता ने 5 और सौम्य केसरी ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में सरगुजा ने पहली पारी दो विकेट पर 92 रन बनाए। हिमांशु सिंह ने 31 रन और कृष चोपड़ा ने नॉट आउट 28 रन बनाए। गेंदबाजी में राजनांदगांव के रोहन टांक एवं एरिन द्विवेदी ने एक-एक विकेट लिए।

# होली के लिए ऐसे बनाएं स्पेशल ठंडाई, पीकर दूर होगी सारी थकान



होली पर अगर आप इस होली मेहमानों को कुछ खास परोसना चाहते हैं, तो घर पर पारंपरिक तरीके से स्पेशल ठंडाई जरूर बनाएं।

### बनाने की विधि

सबसे पहले बादाम, काजू, पिस्ता, खसखस और खरबूजे के बीज को 3–4 घंटे के लिए पानी में भिगो दें, ताकि वे अच्छी तरह नरम हो जाएं। इसके बाद बादाम का छिलका उतार लें और सभी भीगे हुए मेवों को हरी इलायची, काली मिर्च और दालचीनी के साथ मिक्सर में डालकर थोड़ा-सा दूध मिलाते हुए बारीक और स्मूद पेस्ट तैयार कर लें।

अब एक बड़े बर्तन में ठंडा या उबला हुआ ठंडा किया हुआ दूध लें और उसमें तैयार किया गया मेवे वाला पेस्ट अच्छी तरह मिलाएं। स्वादानुसार चीनी डालकर तब तक चलाएं जब तक वह पूरी तरह घुल न जाए। इसके बाद 1–2 चम्मच गुनगुने दूध में भिगोए हुए केसर के धागे भी इसमें मिला दें, जिससे ठंडाई का रंग और खुशबू दोनों बढ़ जाएं।

अब तैयार मिश्रण को छलनी से छान लें ताकि ठंडाई एकदम स्मूद बने, फिर इसे 1–2 घंटे के लिए फ्रिज में ठंडा होने रखें। सर्व करते समय ऊपर से बारीक कटे पिस्ता, बादाम और गुलाब की पंखुड़ियां डालकर ठंडी-ठंडी सर्व करें।

## कार्नर न्यूज

## होली पर ज्योतिष सलाह पर भी दें ध्यान

# होली पर इस बार रहेगी मंगल-राहु की युति कुछ राशि वालों के लिए समय है कष्टकारी

इस साल होली पर ग्रहण और अंगारक योग का संयोग रहेगा। इसका नकारात्मक प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए समस्याओं से भरा हो सकता है। साथ ही तनाव की स्थिति और जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव झेलने पड़ सकते हैं।

इस बार 4 मार्च को होली मनाई जा रही है। यह तिथि ज्योतिष दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगी। दरअसल, होली पर ग्रहों के सेनापति मंगल कुंभ राशि में विराजमान होंगे। इस दौरान छाया ग्रह राहु भी इस राशि में रहने वाले हैं। ऐसे में मंगल और राहु अंगारक योग का निर्माण करेंगे, जो 2 अप्रैल 2026 तक बना रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को अशुभ माना गया है। इसे संकट, क्रोध में वृद्धि और मानसिक अशांति का कारक माना जाता है। इसके प्रभाव से जातकों को धन लाभ, व्यापार विस्तार, नौकरी, रोजगार आदि में कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा तनाव का स्तर भी बढ़ने लगता है। ऐसे में होली पर बन रहें इस अंगारक योग से किन राशि वालों को अलर्ट रहने की आवश्यकता रहेगी। आइए इसके बारे में जानते हैं।



### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए समय मुश्किलों भरा हो सकता है। इस अवधि में कई तरह की समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। हालांकि, सेहत को लेकर कई तरह की सावधानियां रखना उचित रहेगा। नए लोगों से मिलेंगे। लेकिन कोई अजनबी पर विश्वास आपके व्यापार को प्रभावित कर सकता है। विदेश से जुड़े काम में कई बाधाएं आ सकती हैं। हालांकि, धैर्यवान रहना आपके कार्यों को आसान बना सकता है।

### कर्क राशि

कर्क राशि वालों के खर्च बढ़ सकते हैं। नई नौकरी, सेहत और व्यापार में दिक्कतें आएंगी। कोई कॉलेज में दाखिला लेना अगर चाह रहे थे, तो अभी धैर्य रखना होगा। इस समय किसी भी नए तरह के निवेश में न पड़े। व्यापार में इस दौरान काफी उथल-पुथल बनी रहेगी। कार्यों को पूरा करने में सामान्य से अधिक प्रयास करने होंगे। भावनात्मक निर्णय लेने से बचें।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के लिए समय थोड़ा सावधानी बरतने वाला रहेगा। आपको नया निवेश करने से बचना होगा। घर में वाहन खरीदने का प्लान टाल सकते हैं। अगर विवाह के लिए बात चल रही थी, तो उसमें भी कुछ परेशानियां आपको झेलनी पड़ सकती हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में कमी होती है। आप नई यात्रा करने से बचें। विद्यार्थियों को एकाग्रता बनाए रखने में थोड़ी कठिनाई हो सकती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द ममी 4' की रिलीज डेट की हुई घोषणा, 20 साल बाद साथ दिखेंगे



'द ममी 4' पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है, जिसमें ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज लगभग 20 साल बाद रिक ओ'कोनेल और एवलिन कार्नाहन के रूप में वापसी कर रहे हैं। लगभग 20 साल बाद, 'द ममी' सीरीज की चौथी फिल्म बड़े पर्दे पर आने वाली है। इसमें ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज वापस लौट रहे हैं। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने 'द ममी 4' की रिलीज की घोषणा कर दी है। जानिए यह फिल्म सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी। 'द ममी' फिल्म की चौथी किस्त 19 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में ब्रेंडन फ्रेजर फिर से रिक ओ'कोनेल का रोल निभाएंगे और राहेल वीज एवलिन कार्नाहन (एवी) का किरदार करेंगी। इससे फैंस को बहुत खुशी हो रही है और पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई डिटेल नहीं बताई गई है, लेकिन पिछली फिल्मों की जबरदस्त पॉपुलैरिटी को देखते हुए सभी फैंस बहुत उत्साहित हैं। द ममी सीरीज की शुरुआत 1932 की फिल्म से हुई थी, लेकिन 1999 में ब्रेंडन फ्रेजर और राहेल वीज वाली नई फिल्म ने एक्शन, कॉमेडी और डरावने रोमांच का शानदार मिश्रण दिया और दुनिया भर में फैंस बना लिए। 1999 की द ममी- एवलिन गलती से इम्होतेप को जगा देती है। 2001 की द ममी रिटर्न्स- इम्होतेप को वापस लाने की कोशिश और नए खतरे। 2008 की द ममीः टॉम्ब ऑफ द ड्रैगन एम्परर- चीनी सम्राट का खतरा में एवलिन का रोल बदल गया था। अब नई फिल्म 'द ममी 4' को रेडियो साइलेंस के डायरेक्टर मैट बेटिनेली-ओल्पिन और टायलर गिलेट निर्देशित कर रहे हैं। पटकथा डेविड कॉगेशल लिख रहे हैं। ब्रेंडन फ्रेजर खुद भी कार्यकारी निर्माता हैं। यह फिल्म एक्शन, एडवेंचर और पुरानी वाली मजेदार केमिस्ट्री के साथ वापसी कर रही है।

### टॉलीवुड

## नागा चैतन्य की एनसी 24 का नया पोस्टर रिलीज, दिखेगी 'वृषकर्मा' की खास झलक



नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर आज रिलीज किया गया है, जिसमें नागा चैतन्य एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। पहले 'वृषकर्मा' का नाम एनसी 24 था। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने इसकी खास झलक को दिखाने का वादा करते हुए एक तारीख दी है, जिस दिन 'वृषकर्मा' की खास झलक पेश की जाएगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर नागा चैतन्य की 24वीं फिल्म 'वृषकर्मा' का एक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने जानकारी दी है कि 'वृषकर्मा' की खास झलक 5 मार्च, 2026 को दिखाई जाएगी। जिसे फिल्म की टीम ने मिलकर कुछ बेहद रोमांचक तैयार किया है। युवासम्राट नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का नाम पहले एनसी 24 था। अब इसका आधिकारिक नाम 'वृषकर्मा' है। यह एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। साउथ स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी 24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म में नागा चैतन्य के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर 120 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म का निर्माण बीवीएसएन प्रसाद और सुकुमार ने किया है।

### भोजपुरी

## माही और शिवानी का भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिह' रिलीज, फैंस ने लुटाया प्यार



माही श्रीवास्तव के दिलकश अदाओं से भरपूर रोमांटिक भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' ऑडियंस के बीच आ गया है। इस गाने में पॉपुलर सिंगर शिवानी सिंह अपनी सुरीली आवाज में ऐसा शमां बांधा है कि लोगों का तन बदन झूमने लगा है। माही श्रीवास्तव के दिलकश अदाओं से भरपूर रोमांटिक भोजपुरी गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' ऑडियंस के बीच आ गया है। इस गाने में पॉपुलर सिंगर शिवानी सिंह अपनी सुरीली आवाज में ऐसा शमां बांधा है कि लोगों का तन बदन झूमने लगा है। इस गाने का ऑडियो जितना मधुर और कर्णप्रिय है, इसका वीडियो उतना ही मनमोहनक है। इस गाने के वीडियो में गुलाबी रंग का साड़ी ब्लाउज पहने माही श्रीवास्तव कातिल अदाओं से चक्कू छुरिया चलाकर लोगों को दिलों को घायल कर रही हैं। यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने हसबैंड से कुछ चीज बाजार से खरीद कर लाने के लिए कह रही हैं, जबकि उनका हसबैंड बाजार जाने के लिए आना कानी कर रहा है। इस पर वह उसे मनाते हुए कह रही हैं किनई नोहर बानी अभी जे कनिया, जाइ के मन नाही करे दुकनिया, गरम ना ठंडा एकदम ताजा रहिहा, राजा हमर राजा रहिहा, पिये वाला माजा रहिहा..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी रोमांटिक गाना 'पिये वाला माजा रहिहऽ' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सिंगर शिवानी सिंह ने मधुर आवाज में गाया है। इसके वीडियो में एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव ने अपने मनमोहक अदा से बिजली गिरा रही है। इस गाने को गीतकार कृष्णा बेदर्दी ने लिखा है।




“ फैशन इंडस्ट्री टिकाउपन के लिए बदलाव के दौर से गुजर रही है। यह कस्टमर की नई उम्मीदों, रेगुलेटरी दबाव और कॉस्ट को सही करने के बीच संतुलन बिठाने की कवायद भी है। इस मामले में, सेकंडहैंड फैशन एक पेरिफेरल ट्रेंड के बजाय एक स्ट्रक्चरल ड्राइवर के तौर पर खुद को स्थापित कर रहा है। कॉम्पिटिटिव बने रहने के लिए, यह अब सिर्फ़ एक ₹ज़िम्मेदार₹ ऑप्शन नहीं रह सकता; यह अच्छा होना चाहिए।

## घुटने और कोहनी के कालेपन से हैं परेशान तो अपनाएं घरेलू उपाय

बहुत से लोगों का कोहनी और घुटने रंग काफी काला होता है, ऐसा होने के पीछे कई कारण हैं। मगर आइए इस लेख में कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानते हैं जो आपके घुटने और कोहनी को साफ रखने में मदद कर सकते हैं। हम अपने चेहरे और बालों की देखभाल में काफी समय बिताते हैं, लेकिन कोहनी और घुटनों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। अक्सर ये देखने को मिलता है कि हमारा कुहनी और घुटनों के त्वचा का रंग शरीर के थोड़ा काला होता है, थोड़ा बहुत रंग का अंतर होना सामान्य है। मगर घुटनों या कुहनी का रंग ज्यादा काला है तो आपको उसे साफ करना चाहिए। दरअसल, समय के साथ इन हिस्सों पर मृत कोशिकाओं की परत जमने और घर्षण के कारण त्वचा काली और सख्त हो जाती है। मेडिकल भाषा में इसे 'हाइपरपिग्मेंटेशन' कहा जा सकता है, जो मेलानिन के अधिक जमाव के कारण होता है। कोहनी और घुटनों की त्वचा में तेल ग्रंथियां कम होती हैं, जिससे ये हिस्से जल्दी रूखे हो जाते हैं और गंदगी को सोख लेते हैं। बाजार में मिलने वाली महंगी क्रीमों के बजाय, आपकी रसोई में मौजूद प्राकृतिक सामग्रियां जैसे नींबू, बेकिंग सोडा,



और एलोवेरा इस कालेपन को दूर करने में रामबाण साबित हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि ये उपाय न सिर्फ सुरक्षित हैं बल्कि त्वचा को गहराई से एक्सफोलिएट कर उसे नरम और चमकदार भी बनाते हैं। आइए इस लेख में उन असरदार घरेलू नुस्खे को बारे में जानते हैं, जो आपको इस समस्या से निजात दिला सकते हैं।

### नींबू और चीनी का प्राकृतिक स्क्रब

नींबू एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है जिसमें विटामिन-C प्रचुर मात्रा में होता है, जबकि चीनी के दाने बेहतरीन एक्सफोलिएटर का काम करते हैं। आधा कटा हुआ नींबू लें और उस पर थोड़ी चीनी छिड़कें। अब इसे कोहनी और घुटनों पर 5-10 मिनट तक रगड़ें। यह न सिर्फ मृत त्वचा को हटाएगा बल्कि काले धब्बों को हल्का करने में भी मदद करेगा। अच्छे परिणाम के लिए इसे सप्ताह में दो बार दोहराएं।

### बेकिंग सोडा और दूध का पेस्ट

बेकिंग सोडा त्वचा की गहरी सफाई करने में मदद करता है और दूध त्वचा को नमी प्रदान करता है। एक चम्मच बेकिंग सोडा में थोड़ा दूध मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे प्रभावित हिस्सों पर लगाकर सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह मिश्रण त्वचा के pH स्तर को संतुलित करता है और धीरे-धीरे कालेपन की परत को साफ कर देता है।

### एलोवेरा जेल और नारियल तेल

रूखापन कालेपन का सबसे बड़ा कारण है, इसलिए त्वचा को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है। एलोवेरा जेल में मौजूद एलोसिन मेलानिन के उत्पादन को कम करता है, जबकि नारियल तेल विटामिन-E से भरपूर होता है।

## होली पार्टी के लिए ऐसे हों तैयार कि हर कोई देखता रह जाए



अगर आपको भी होली पार्टी में शामिल होना है लेकिन समझ नहीं आ रहा कि कैसे तैयार हों, तो ये लेख आपके काम का होने वाला है। रंगों का त्योहार होली सिर्फ एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि खुशियों, मस्ती और दोस्तों-परिवार के साथ यादगार पल बनाने का अवसर है। जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर कोई होली पार्टी की तैयारी में जुट जाता है। अगर आप भी इस बार होली पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं लेकिन समझ नहीं पा रहे कि कैसे तैयार हों, क्या पहनें, स्किन और बालों का कैसे ध्यान रखें या पार्टी में सबसे अलग कैसे दिखें तो यह लेख आपके लिए बेहद खास है।



सही आउटफिट से लेकर स्किन केयर, हेयर प्रोटेक्शन और ट्रेंडी एक्सेसरीज़ तक, छोटी-छोटी बातें आपकी होली को और भी शानदार बना सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे आसान और असरदार टिप्स, जिनकी मदद से आप बेफिक्र होकर रंगों का मज़ा ले सकेंगे और हर किसी की नजरों में छा जाएंगे।

### सही आउटफिट चुनें

होली पार्टी के लिए कपड़े चुनते समय स्टाइल के साथ आराम का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सफेद या हल्के रंग जैसे व्हाइट, क्रीम, लाइट पिंक या बेबी ब्लू पहनने से रंग ज्यादा उभरकर दिखाई देते हैं। कॉटन या लिनन जैसे हल्के फैब्रिक पहनें क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और स्किन को सांस लेने देते हैं। बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें, क्योंकि गीले होने पर असहज महसूस हो सकता है। ऐसे कपड़े न पहनें जो बहुत महंगे हों या जिन्हें ड्राई क्लीन की जरूरत पड़े, क्योंकि होली के रंग पूरी तरह निकलना मुश्किल हो सकता है।

### स्किन और बालों की सुरक्षा

होली के रंगों में कभी-कभी केमिकल मिल सकते हैं, इसलिए पहले से तैयारी जरूरी है। रंग खेलने से लगभग आधा घंटा पहले चेहरे, हाथ, गर्दन और पैरों पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं। इससे रंग सीधे त्वचा में नहीं घुसता और बाद में आसानी से साफ हो जाता है। बालों में अच्छी तरह तेल लगाकर चोटी या जूड़ा बना लें, ताकि बाल कम डैमेज हों। अगर पार्टी धूप में है तो SPF 50 या उससे अधिक वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं। नाखूनों पर नेलपेंट लगाने से भी रंग चढ़ने से बचाव होता है।

## बिना पैसा खर्च किए घर पर करें पेडिक्योर, मिलेगा निखार

सही तरीके से घर पर पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा और नाखून स्वस्थ रहते हैं और एर्गोनॉमिक रूप से पैरों में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स और बेसिक टूल्स की जरूरत होती है, जिन्हें फॉलो करके आप पेशेवर सैलून जैसा परिणाम पा सकती हैं। इस लेख में हम आपको घर पर पेडिक्योर करने का स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे, जिससे आपके पैरों की देखभाल पूरी तरह से हो सके।

### ऐसे करें पेडिक्योर

घर पर पेडिक्योर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझें तो यह काफी आसान और आरामदायक है। सबसे पहले अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें और उन्हें गुनगुने पानी में 10–15 मिनट भिगोकर रखें। इससे पैरों की त्वचा मुलायम हो जाती है और डेड स्किन हटाना आसान हो जाता है। पानी में भिगोने के बाद पैरों को सुखाएं और नाखूनों को सही आकार में काटें और शेप दें।



### घर पर पेडिक्योर कैसे करें ?

इसके बाद नेल फाइल या पेडिक्योर रफर का इस्तेमाल करके एड़ियों और नाखूनों की खुरदरी त्वचा को धीरे-धीरे साफ करें। अगर आपके नाखूनों पर पुरानी नेल पॉलिश लगी है, तो उसे रीमूवर की मदद से हटा दें।

इसके बाद पैरों और एड़ियों पर हल्का स्क्रब लगाकर अच्छी तरह मसाज करें ताकि डेड स्किन पूरी तरह निकल जाए। स्क्रबिंग के बाद पैरों को मॉइस्चराइजिंग लोशन या पेडिक्योर क्रीम से मसाज करें ताकि त्वचा नमी और मुलायम बनी रहे। अगर आप चाहें तो नेल पॉलिश लगा सकते हैं और उसे सूखने दें।


## जानें मुंहासे पर काबू पाने का तरीका

अगर आपके चेहरे पर भी मुंहासे बार-बार बढ़ जाते हैं तो पहले इसकी वजह जान लें और फिर उससे बचने के तरीके। हर कोई अपनी स्किन को साफ, चमकदार और बेदाग देखना चाहता है, लेकिन चेहरे पर अचानक आने वाले पिंपल्स या मुंहासे इस खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं। अक्सर किसी खास मौके से पहले ही चेहरे पर एक बड़ा सा पिंपल निकल आता है, जिससे आत्मविश्वास भी कम हो जाता है। किशोरावस्था से लेकर बड़ों तक, मुंहासों की समस्या आम है और ये किसी भी स्किन टाइप में हो सकती है। कई लोग महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सही कारण जाने बिना समस्या बार-बार लौट आती है।

दरअसल, मुंहासे सिर्फ बाहरी गंदगी की वजह से नहीं, बल्कि शरीर के अंदर होने वाले बदलावों के कारण भी होते हैं। इसलिए जरूरी है कि पहले इसकी असली वजह समझी जाए और फिर सही उपाय अपनाए जाएं। यहां इस लेख में हम आपको इससे जुड़ी हर बात बताएंगे।

### मुंहासे होने की वजह

मुंहासे तब होते हैं जब त्वचा के रोमछिद्र (पोर्स) तेल, गंदगी और मृत कोशिकाओं से बंद हो जाते हैं।



सबसे बड़ी वजह हार्मोनल बदलाव है, खासकर किशोरावस्था, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी या तनाव के दौरान। हार्मोन बढ़ने से त्वचा में सीबम (तेल) ज्यादा बनता है, जो बैक्टीरिया के साथ मिलकर पिंपल्स पैदा करता है। इसके अलावा ऑयली स्किन, गलत स्किन केयर प्रोडक्ट्स, ज्यादा मेकअप, जंक फूड, डेयरी प्रोडक्ट्स का अधिक सेवन, नींद की कमी और स्ट्रेस भी कारण बनते हैं। बार-बार चेहरे को छूना, गंदा तकिया कवर या मोबाइल स्क्रीन भी बैक्टीरिया बढ़ाते हैं, जिससे मुंहासे बढ़ सकते हैं।

### इससे बचने के तरीके

दिन में दो बार माइल्ड, सल्फेट-फ्री फेसवॉश से चेहरा साफ करें। ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें।

**कार्नर न्यूज**

**डेट नाइट के लिए तैयार होते वक्त टिप्स का रखें ध्यान**

## डेट नाइट का मेकअप होता है खास, तैयारी में जरूर ध्यान दें कुछ जरूरी बातों पर

अगर आप भी डेट नाइट के लिए तैयार होना चाहती हैं तो अपने लुक को खास बनाएं। यहां हम उसके लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। अगर आप भी कुछ खास मौके पर डेट नाइट के लिए तैयार हो रही हैं, तो यहे समय है अपने लुक को खास और यादगार बनाने का। प्यार के खास दिन पर हर कोई चाहता है कि वह अपने पार्टनर के सामने सबसे अलग और आकर्षक दिखे। चाहे आप कैंडल लाइट डिनर पर जा रही हों या किसी रूफटॉप कैफे में खास शाम बिताने वाली हों, आपका आउटफिट, मेकअप और कॉन्फिडेंस—तीनों का सही तालमेल आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। कुछ खास दिन सिर्फ प्यार जताने का दिन नहीं, बल्कि खुद को स्टाइलिश अंदाज में पेश करने का भी मौका है। सही रंगों का चुनाव, हल्का लेकिन ग्लैमरस मेकअप और ट्रेंड के मुताबिक एक्सेसरीज आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि आपकी डेट नाइट खास और यादगार बने, तो नीचे दिए गए टिप्स जरूर फॉलो करें।



### मेकअप रखें सॉफ्ट और ग्लोइंग

डेट नाइट के लिए मेकअप ओवरड्रामेटिक नहीं बल्कि सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो वाला होना चाहिए। ड्यूई बेस मेकअप चुनें ताकि स्किन फ्रेश और हेल्दी लगे। न्यूड, पीच या रोज पिंक लिपस्टिक रोमांटिक वाइब देती है। हल्का स्मोकी आई लुक आपकी आंखों को आकर्षक बनाएगा। हाईलाइटर से चीक्स और नोज ब्रिज को उभारें। ध्यान रखें कि मेकअप लाइटिंग के हिसाब से करें। अगर कैंडल लाइट डिनर है तो हल्का शिमर और ग्लोइंग फिनिश बेहतर रहेगा।

हेयरस्टाइल पर दें खास ध्यान

हेयरस्टाइल आपके लुक को पूरा करती है। सॉफ्ट कर्ल्स आपको क्यूट और रोमांटिक लुक देंगे।लो बन आपको एलिगेंट और बॉस लेडी वाइब देगा। हाफ-टाई हेयरस्टाइल मॉडर्न और स्टाइलिश लगती है। स्ट्रेट और ओपन हेयर सिंपल लेकिन क्लासी विकल्प है। हेयरस्टाइल चुनते समय आउटफिट और फेस शेप का ध्यान जरूर रखें।

### एक्सेसरीज रखें मिनिमल

डेट नाइट पर ओवर एक्सेसराइजिंग से बचें। स्टड ईयररिंग्स, डेलिकेट नेकलेस, स्लिम ब्रेसलेट और एक क्लासी क्लच बैग आपके लुक को परफेक्ट बैलेंस देंगे।

### कॉन्फिडेंस है सबसे बड़ा स्टाइल

सबसे अहम बात आपका आत्मविश्वास। अगर आप खुद को अच्छा महसूस करेंगी तो वही चमक आपके चेहरे पर नजर आएगी। एक प्यारी मुस्कान, पॉजिटिव बॉडी लैंग्वेज और सहज व्यवहार आपकी डेट को और भी खास बना देगा।

